■ आश्विन शुक्ल - 7 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 20 ■ अंक - 78 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 10-10-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 कांग्रेस को जनता के फैसले का सम्मान करना सीखना चाहिए : रीजीजू

6 हरियाणा ने जातिवाद को नकारा, क्षेत्रीय पार्टियां पूरी तरह साफ

7 'वागले की दुनिया' में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी गुलकी जोशी



## फर्स्ट टेक

### सैमसंग ने कर्मचारियों की अधिकांश मांगें मानी : तमिलनाडु सरकार

**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को कहा कि सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स ने नौ सितंबर को हड़ताल करने वाले कर्मचारियों की अधिकांश मांगें मान ली हैं और कर्मचारियों से तुरंत काम पर लौटने का अनुरोध किया है। इसी से जुड़े एक घटनाक्रम में, मंगलवार रात को हड़ताल में शामिल कुछ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और बाद में मजिस्ट्रेट ने उन्हें 'अपने निजी मुचलके पर' रिहा कर दिया। सैमसंग के कर्मचारियों की एक प्रमुख मांग थी कि उनकी यूनियन के पंजीकरण की अनुमति दी जाए।

| | |
|---|---|
| 09-10-2024 सूर्यास्त 6:03 बजे | 10-10-2024 सूर्योदय 6:09 बजे |
| BSE 81,467.10 (-167.71) | NSE 24,981.95 (-31.20) |
| सोना 7,953 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 92,585 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### सुगबुगाहट

लो उछल गया सेंसेक्स,
हुई बाजारों में भी दीवाली।
खातों को आस बँधी फिर से,
भर जाएगी झोली खाली।
होगा मुमकिन शायद अब कुछ,
सब लगे बजाने बस ताली।
होगा क्या पर उनका जिनने,
दी चौकीदारों को गाली।।

## आयुर्वेद की छवि को धूमिल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में लोगों के अटूट विश्वास का फायदा उठाकर आयुर्वेद के नाम पर झूठे और भ्रामक दावे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।


अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के आठवें स्थापना दिवस समारोह में अपने संबोधन में मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान में निवेश, दवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और आयुर्वेद के अध्ययन से संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के सशक्तिकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने ने कहा, ''आयुर्वेद में हमारा पीढ़ी दर पीढ़ी से अटूट विश्वास रहा है। इसी विश्वास का फायदा उठाकर कुछ लोग झूठे और भ्रामक दावे करके मासूम लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। वे न केवल नागरिकों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि आयुर्वेद की छवि को धूमिल करते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि आयुर्वेदिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जाए ताकि उन्हें बिना किसी बाधा के निर्यात किया जा सके। उन्होंने कहा, ''हम साक्ष्य आधारित और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आयुर्वेद के अपने ज्ञान के भंडार को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिला सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धतियों में से एक है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया को भारत की अमूल्य देन है।

## राजद विधायक, उनके परिवार की 21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने धनशोधन जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति एवं पूर्व विधायक अरुण यादव और कुछ संबंधित संस्थाओं की 21 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आदेश जारी होने के बाद बिहार के भोजपुर जिले के ग्राम अगियांव और पटना के पॉश इलाकों में स्थित 46 अचल संपत्तियों के साथ-साथ दो करोड़ रुपये की बैंक राशि को कुर्क किया गया है। एजेंसी ने कहा कि कुर्क की गई संपत्ति की कुल कीमत 21.38 करोड़ रुपये है, जो अरुण यादव, किरण देवी, अरुण यादव के बेटों राजेश कुमार और दीपू सिंह और उनकी पारिवारिक कंपनी 'किरण दुर्गा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड' की है।

## ...अलविदा रतन टाटा

### उद्योगपति रतन टाटा का मुंबई के अस्पताल में निधन



**मुंबई/भाषा।** दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार देर रात मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को यह जानकारी दी। टाटा समूह के मानद चेयरमैन की आयु 86 वर्ष थी। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक बयान में रतन टाटा के निधन की पुष्टि की और उन्हें अपना ''मित्र और मार्गदर्शक'' बताया। पिछले कुछ दिनों से वह दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थे। अरबपति हर्ष गोयनका ने भी टाटा के निधन पर दुख जताया और 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्हें ''टाइटन'' (अत्यंत महत्वपूर्ण व्यक्ति) करार दिया।

## हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मुसलमानों की जाति की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है लेकिन हिंदू समाज की बात आते ही वह चर्चा जाति से ही शुरू करती है क्योंकि वह जानती है कि हिंदू जितना बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है और भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वह इसी फार्मूले को लागू करती है।

महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आधारशिला रखने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने विश्वास जताया कि 'समाज को तोड़ने' की इस कोशिश को राज्य की जनता नाकाम करेगी। उन्होंने इस सरकारी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के लोगों से देश के विकास को सर्वोपरि रखते हुए और एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके गठबंधन 'महायुति' के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने मराठी में कहा, ''हरयाणा तर भाजपा जिंकली आता महाराष्ट्रात यापेक्षा मोठा विजय मिलवायचा आहे (भाजपा ने हरियाणा में जीत प्राप्त की और अपेक्षा है कि महाराष्ट्र में भी बड़ी जीत मिले।''

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र की जनता से कहा कि आपको एक बात हमेशा याद रखनी है कि विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी राज्य को कमज़ोर करके सत्ता पाना चाहती है जबकि महायुति का संकल्प इसे मजबूत बनाने का है।

महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव अगले महीने संभावित हैं।

हरियाणा के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसने बता दिया है कि आज देश का मिजाज क्या है।

## ईरान पर इजराइल का हमला 'घातक' और 'चौंकाने' वाला होगा : इजराइल के रक्षा मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**यरुशलम/एपी।** इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने बुधवार को कहा कि ईरान पर उसकी ओर से किया जाने वाला हमला ''घातक'' और ''चौंकाने'' वाला होगा। गैलेंट ने कहा कि हाल में ईरान द्वारा किये गये मिसाइल हमले का कड़ा जवाब दिया जायेगा।

गैलेंट के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इजराइली हमले से ईरान सकते में आ जाएगा।

कोई विवरण दिए बिना रक्षा मंत्री ने कहा, ''वे समझ नहीं पाएंगे कि क्या हुआ और कैसे हुआ।''

पिछले सप्ताह ईरान ने इजराइल पर कई मिसाइलें दागीं, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।






## भारत ने बांग्लादेश को 86 रनों से हराया

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** नीतिश कुमार रेड्डी (74 रन/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और रिंकू सिंह (53) के आतिशी अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में 86 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजये बढ़त बना ली है। भारत ने नौ विकेट पर 221 रनों का विशाल स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (16) का विकेट गंवा दिया। उन्हें अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने कप्तान नजमुल शान्तो (11) को भी पवेलियन भेज दिया। लिटन कुमार दास (14) को वरूण चक्रवर्ती ने अपना शिकार बनाया। मो. तौहीद हृदोय (दो), मेहदी हसन मिराज (16), जाकेर अली (एक) और रिशाद हुसैन (नौ) रन बनाकर आउट हुये।

।। श्री रिद्धि सिद्धि विनायकजीने नमः।। ।। श्री आशापुरा मातायः नमः।। ।। श्री खेतलाजीने नमः।।

श्री आशापुरा माता भंडारी जैन ट्रस्ट, बेंगलूरु



श्री आशापुरा माताजी धाम की
ग्यारहवी वर्षगांठ
व शारदीय नवरात्री उत्सव प्रसंगे
भावभरा आमंत्रण

नवरात्री
आसोज सुदि 1, दि.03-10-2024, गुरुवार से आसोज सुदि 9, दि. 12-10-2024, शनिवार

ध्वजारोहण
आसोज सुदि 9, दि. 12-10-2024, शनिवार

आसोज सुदि 8, दिनांक 11-10-2023, शुक्रवार

नवरात्री अष्टमी विशेष माताजी १०८ भोग अर्पण...

प्रात: 6-00 बजे : अठारह अभिषेक महाविधान (पंडितों द्वारा)
प्रात: 11-00 बजे : माताजी के 108 भोग अर्पण, महा आरती
दोपहर 3-00 बजे से : मेहंदी, बड़ी सांझी, डांडिया, गरबा, दीप अलंकार, रोशनी

माताजी के गीत रात्रि जोगो.... एवं भक्ति के साथ रात्रि जागरण

ग्यारहवी वर्षगाँठ धाम ध्वजारोहण....

आसोज सुदि 9, दिनांक 12-10-2024, शनिवार

प्रात: 7-00 बजे : पूजन प्रारंभ, राजोपचार पूजा,
प्रात: 10-30 बजे : ध्वजारोहण विधि विधान प्रारंभ
प्रात: 11-40 बजे : शुभ मुहूर्त में पूर्णाहुति एवं ध्वजारोहण
दोपहर 12-15 बजे : महा आरती - महाप्रसादी वितरण
दोपहर 12-30 बजे : शाही करबा फलेचुन्दडी पूरे दिन नवकारसी (सूर्यास्त तक)

सभी भक्तों को लक्ष्मी यंत्र, रक्षा पोटली, महाप्रसादी दी जायेगी।

माताजी धाम आने जाने हेतु बस की व्यवस्था - दि. 11 एवं 12-10-2023, शुक्रवार, शनिवार

गांधीनगर पेट्रोल पंप से प्रात: 8-30 बजे | वी.वी. पुरम् महावीर धर्मशाला से प्रात: 8-45 बजे
चामराजपेट (बाटा शोरूम) प्रात: 8-30 बजे | जयनगर मंदिरजी से प्रात: 9-00 बजे

बसों की व्यवस्था हेतु संपर्क सूत्र युवराज भंडारी 98441 57789, विशाल भंडारी 99863 48127, प्रिन्स भंडारी 98441 66080

निवेदक: श्री आशापुरा माता भंडारी जैन ट्रस्ट, बेंगलोर

मदनलाल भंडारी अध्यक्ष 99725 72811 | धर्मीचंद भंडारी उपाध्यक्ष 94486 16489 | सुरेशकुमार भंडारी उपाध्यक्ष 98440 22905 | राजेश भंडारी सचीव 94433 76219 | जयंतीलाल भंडारी सह सचिव 93437 04706 | प्रवीणकुमार भंडारी सह सचिव 93437 91789 | निर्मल कुमार भंडारी कोषाध्यक्ष 97313 34444 | विरेन्द्र भंडारी सह कोषाध्यक्ष 98809 67111

बन्नेरगट्टा पोलिस स्टेशन के सामने से कगलीपुरा रोड पर (3.5 कि.मी. अंदर) कासरगुप्पे, बेंगलूरु, सम्पर्क फोन : 93534 48818, 93424 77709, 96636 26742

## शपथ ग्रहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



जीतो गदग लेडीज विंग का शपथ ग्रहण समारोह जीतो हुब्बल्ली चैप्टर के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें स्वीटी भंसाली को फिर से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अर्चना शाह और संतोष गादिया को उपाध्यक्ष, इंदिरा बागमार को मुख्य सचिव, अंकिता जैन और प्रीति ओसवाल को सचिव और खुशबू बाफना को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। चैप्टर के चेयरमैन अनिलकुमार जैन ने शपथ दिलाई। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख सदस्यों में शरद मोमाया, जितेंद्र भंसाली, जीतू जीरावाला, गीता चेड्डा, कविता बाफना, अंजू नाहटा, चेतना मोमाया, रसीला कोठारी और अन्य शामिल थे।

## नेत्रदान जागरुकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर द्वारा अभातेयुप के षष्ठीपूर्ति वर्ष के मौके पर विजन फॉर विजनलेस अभियान के तहत राजाजीनगर स्थित ओरियनमाल में नेत्रदान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा मॉल में विभिन्न माध्यम से उपस्थित जनों को नेत्रदान के महत्त्व के बारे में बताते हुए नेत्रदान के लिए प्रोत्साहित किया। परिषद अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा, उपाध्यक्ष विकास बांठिया, नेत्रदान संयोजक अशोक मारू, मंत्री संजय भटेवरा, सहमंत्री पवन बैद, कमलेश दक, कोषाध्यक्ष अमित नाहटा, संगठन मंत्री पंकज कोचर सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## नेत्रदान-महादान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के तेरापंथ युवक परिषद टी दासरहल्ली द्वारा अभातेयुप के षष्ठीपूर्ति वर्ष के मौके पर विजन फॉर विजनलेस अभियान के तहत जालाहल्ली मेट्रो स्टेशन व आसपास नेत्रदान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टी. दासरहल्ली ने 21 दिनों के इस अभियान में 552 लोगों ने नेत्रदान के संकल्प-पत्र भरवाएं। कर्नाटक राज्य प्रभारी मोहित सुराणा व शाखा प्रभारी गौतम खाब्या का विशेष सहयोग रहा। तेयुप अध्यक्ष कन्हैयालाल गांधी ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर जागरुकता फैलाई। मंत्री शुभम बाबेल ने धन्यवाद दिया ।

## दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत व प्रबुद्ध विचारक दिनेश पोखरना ने तेयुप हनुमन्तनगर द्वारा संचालित एटीडीसी का दौरा किया तथा डायग्नोस्टिक सेन्टर की गतिविधियों की जानकारी ली। इस मौके पर तेयुप अध्यक्ष कमलेश झाबक सम्मान किया। एटीडीसी संयोजक गौतम खाब्या ने सेन्टर की जानकारी दी।

# हरियाणा में नई भाजपा सरकार गरीबों के कल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी: अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि हरियाणा की नई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार राज्य के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी और गरीबों के कल्याण तथा सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

भारतीय जनता पार्टी के लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव जीतने के एक दिन बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा मुलाकात किये जाने के बाद शाह ने यह बात कही।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ''हरियाणा में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद आज मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी ने मुझसे मुलाकात की। मैंने उन्हें इस शानदार जीत पर बधाई दी।'' केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने 'एक्स' पर लिखा, ''भारतीय जनता पार्टी सरकार हरियाणा के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी को तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया है और राज्य में



गरीबों के कल्याण और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।''

इसके जवाब में सैनी ने कहा कि उन्होंने हरियाणा की भविष्य की रणनीति और राज्य से जुड़े कई अहम मुद्दों पर शाह के साथ विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री ने हरियाणा को 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ विकसित राज्य बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, ''राजनीति के 'चाणक्य' कहे जाने वाले कुशल रणनीतिकार श्री अमित शाह ने हरियाणा चुनाव में कई रैलियों और सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया, जिसका काफी लाभ मिला। श्री अमित शाह से हमें हमेशा ऐसा ही मार्गदर्शन मिलता रहेगा, जिनका हरियाणा के प्रति विशेष स्नेह है।''



# श्रीराम परिवार माता दरबार में बही भक्ति की बयार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के माइको लेआउट होंगसन्द्रा में चल रहे श्रीराम परिवार के दुर्गा पूजा समारोह में मंगलवार को भजन मंडली के गायक संजय शुक्ला, अंजू पांडेय, सुहासिनी मदान, मीरा पांडेय, अवधेश मिश्रा आदि ने माँ शेरावाली के भजनों की प्रस्तुति दी। मोना झा, मानसी पांडेय के निर्देशन में सोनल झा, श्रेयस पांडेय आदि बाल कलाकारों ने माहिसासुरमरदिनी नृत्य नाटिका की मनोहारी प्रस्तुति दी। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन गरबा व डांडिया की धूम हो रही है। पंडित भगवानदास दूबे ने माता रानी की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर समिति के संस्थापक संजय शुक्ला, अध्यक्ष राकेश मिश्रा, उपाध्यक्ष सत्यदेव पांडेय, प्रदीप तिवारी, सचिव अजय प्रकाश पांडेय, सहसचिव राजीव शुक्ला, कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी सहित अनेक सदस्य पूजा व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं।



# साधना से ही आत्मशुद्धि संभव : साध्वी आगमश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के हीराबाग जैन स्थानक सेपिंग्स रोड में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री आगमश्रीजी ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने स्वयं आत्मशुद्धि की साधना की थी, क्योंकि साधना के बिना शुद्धि नहीं होती। धर्म की शुरुआत मानव जीवन से होती हैं। सारी दुनिया को बदलने की शक्ति हमारे में नहीं परंतु स्वयं को बदलने की शक्ति हमारे में है।

धर्म की नींव मैत्री है। बदलना है, बदला नहीं लेना। श्री धैर्याश्री ने कहा कि नवतत्वों सम्यग् रूप से जानना है। तत्वभूत पदार्थ के वास्तविक रूप को स्वीकार करना सम्यक्तव कहलाता है।

जो भगवान ने कहा है, वही सत्य है। वह जीव अपनी साधना करते करते आगे बढ़ता है तब कही जाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। संचालन गौतम चंद नाहर ने किया।



# कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से हरियाणा चुनाव से जुड़ी 'शिकायतों' की जांच की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के ''आश्चर्यजनक'' परिणाम से जुड़ी शिकायतों के बारे में बुधवार को निर्वाचन आयोग को अवगत कराया और इनकी जांच की मांग की।

मुख्य विपक्षी दल के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से यह आग्रह भी किया कि उन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को जांच पूरी होने तक सील करके सुरक्षित रखा जाए, जिनको लेकर सवाल उठे हैं। आयोग से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव जयराम रमेश, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान, पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा तथा कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा शामिल थे। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। कांग्रेस ने आयोग को सात शिकायतों वाला एक प्रतिवेदन भी सौंपा और जांच की मांग की। आयोग से कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के मुलाकात के बाद खेड़ा ने कहा, ''चुनाव आयोग को हमने अपनी 20 शिकायतों के बारे में जानकारी दी है। इनमें सात शिकायतें हमारे पास लिखित में मौजूद हैं। इन शिकायतों में ईवीएम की बैट्री के 99 प्रतिशत चार्ज होने से जुड़ा मामला है, जिससे हमने चुनाव आयोग को अवगत कराया। हमने मांग रखी कि उन मशीनों को सील किया जाए। आयोग को अगले 48 घंटे में कुछ और शिकायतें उपलब्ध कराएंगे।''

## लंदन से दिल्ली आ रही विस्तारा की उड़ान में बम की धमकी

**नई दिल्ली/भाषा।** लंदन से दिल्ली आ रहे विस्तारा के एक विमान में बुधवार को बम होने की धमकी मिली। हालांकि, विमान को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सुरक्षित रूप से उतार लिया गया।

सूत्रों ने बताया कि विमान के शौचालय में उसमें बम होने के संदेश वाला कागज का एक टुकड़ा पाया गया, जिसके बाद संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया। सूत्रों के मुताबिक, विमान में लगभग 290 यात्री सवार थे।

विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि लंदन से दिल्ली आ रही उड़ान संख्या यूके 018 के चालक दल को विमान में बम की धमकी वाला नोट मिला। प्रवक्ता के अनुसार, प्रोटोकॉल पर अमल करते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया और दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरने के बाद विमान को अनिवार्य जांच के लिए 'आइसोलेशन बे' में ले जाया गया।

# अमेजन इंडिया ने स्टार्टअप को सशक्त बनाने के लिए डीपीआईआईटी से हाथ मिलाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने ई-कॉमर्स के जरिये स्टार्टअप कंपनियों की कारोबार वृद्धि में मदद के लिए उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के तहत 'स्टार्टअप इंडिया' के साथ साझेदारी की है।

स्टार्टअप इंडिया पोर्टल पर एक समर्पित पेज के माध्यम से अमेजन और स्टार्टअप इंडिया मिलकर काम करेंगे ताकि पात्र स्टार्टअप अमेजन इंडिया के मंच पर पंजीकरण कर ई-कॉमर्स अवसरों का लाभ उठा सकें। कंपनी ने बयान में कहा कि स्टार्टअप फर्मों को घरेलू बाजार तक पहुंच, अमेजन के नेतृत्वकर्ताओं से मार्गदर्शन, बाजार तक पहुंच और लॉजिस्टिक मार्गदर्शन मिलेगा। डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए भारत सरकार की प्रमुख पहल के रूप में स्टार्टअप इंडिया के साथ अमेजन की ई-कॉमर्स विशेषज्ञता को जोड़कर हम भारतीय स्टार्टअप फर्मों को घरेलू स्तर पर विस्तार करने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेंगे।

इसके अलावा, अमेजन अपने 'सहेली' कार्यक्रम के माध्यम से चुनिंदा महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने का काम भी करेगा।





# हवन, कन्या भोज, अन्नदान कर स्वास्तिक सेवा संघ ने मनाया दुर्गा पूजा महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को स्वास्तिक सेवा संघ द्वारा क्लासिपाल्यम स्थित संघ कार्यालय पर प्रातः 10 बजे से चेयरमैन सतीश मित्तल व अध्यक्ष बिमल सरावगी सहित अनेक सदस्यों ने माँ दुर्गा का पूजन, हवन व आरती की। हवन के बाद संघ की ओर से कन्या भोज कराया गयातथा कन्याओं को उपहार दिए गए। इस अवसर पर करीब चार हजार श्रद्धालुओं को अन्नदान महाप्रसाद का वितरण किया गया।

संघ के सदस्य गौरव जिंदल, अशोक गर्ग, भागवत अग्रवाल, अजय खेमका, अनिल गोयल, अनिल नाहर, सोमसुंदरम, शैलेन्द्र मित्तल, नरेश जैन, पवन बंसल, शीतल मित्तल, नरेश अग्रवाल, गजेन्द्र अग्रवाल आदि ने उपस्थित होकर दुर्गा पूजा व महाप्रसाद वितरण सेवा में सहयोग दिया।




# महंगाई में कमी को लेकर भरोसे की वजह से रुख में किया बदलाव: दास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि निकट भविष्य में मुद्रास्फीति कम होने को लेकर भरोसा है और इससे आर्थिक वृद्धि और महंगाई के बीच बेहतर संतुलन होगा। इसी को ध्यान में रखकर केंद्रीय बैंक ने नीतिगत रुख बदलकर 'तटस्थ' करने का निर्णय किया।

हालांकि, उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के लिए जोखिम बना हुआ है। इसमें वैश्विक स्तर पर जारी तनाव से जुड़े जोखिम शामिल हैं। ऐसे में अभी नीतिगत दर में कटौती के बारे में बात करना 'उचित' नहीं है। उन्होंने मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''हमने इस समय रुख बदल दिया है। इसका कारण वृद्धि और मुद्रास्फीति की स्थिति अच्छी है और दोनों के बीच एक तरह का संतुलन है। इसीलिए, एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) ने रुख में बदलाव के लिए इसे उपयुक्त समय माना।'' दास ने कहा, ''हमें अब अधिक भरोसा है कि मुद्रास्फीति कम हो रही है, लेकिन हम अच्छी तरह से यह भी जानते हैं कि जोखिम भी बना हुआ है।'' उन्होंने कहा कि रुख में बदलाव से मौद्रिक नीति समिति को भविष्य में दर को लेकर लचीलापन और विकल्प मिलेगा। आरबीआई ने लगातार दसवीं बार नीतिगत दर को यथावत रखा है। हालांकि, रुख में बदलाव कर उसे तटस्थ किया। इससे आने वाले समय में नीतिगत दर में कमी की उम्मीद जगी है।

# स्तन कैंसर की पहचान के लिए आईआईटी इंदौर ने ईजाद किया किफायती उपकरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने खासकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं में स्तन कैंसर का समय रहते पता लगाने के लिए छोटा और किफायती उपकरण विकसित किया है। आईआईटी इंदौर के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आईआईटी इंदौर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर श्रीवत्सन वासुदेवन का विकसित किया गया यह उपकरण, शुरुआती चरण में ही स्तन कैंसर की पहचान कर मरीजों की जान बचाने के मकसद से ईजाद किया गया है।

उन्होंने बताया कि ''फोटोएकाउस्टिक स्पेक्ट्रल रिस्पॉन्स'' के सिद्धांत पर आधारित उपकरण मानव शरीर के ऊतकों में असामान्य परिवर्तनों का पता लगाने के लिए ''ऑप्टिकल'' और ''एकाउस्टिक'' सिग्नल को एक साथ जोड़ता है।

आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी ने कहा, बीमारियों का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एमआरआई और सीटी स्कैनर आमतौर पर आयातित और महंगे होते हैं। इससे वे देश की आबादी के बड़े हिस्से की पहुंच से बाहर हो जाते हैं।''

उन्होंने बताया कि इस चुनौती से निपटने के लिए आईआईटी इंदौर ने स्वदेशी तकनीक से किफायती उपकरण विकसित किया है ताकि खासकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों में कैंसर का वक्त रहते पता लगाकर उनकी जान बचाने में मदद मिल सके।

प्रोफेसर वासुदेवन ने कहा कि यह उपकरण प्रकाश उत्पन्न करने के लिए ''कॉम्पैक्ट पल्स्ड लेजर डायोड'' का उपयोग करता है जो ऊतक के संपर्क में आता है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से मिले परिणामों का विश्लेषण करके उपकरण पता लगाता है कि कहीं संबंधित ऊतक कैंसरग्रस्त तो नहीं है।

# मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद ने राजभवन का दौरा किया



## राज्यपाल थावर चंद गहलोत और मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने गर्मजोशी से स्वागत किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारत दौरे पर आये मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद बुधवार को बेंगलूरु पहुंचे और कर्नाटक के राजभवन का सौहार्दपूर्ण दौरा किया। कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत और मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. से मुलाकात की। मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मालदीव से आए मेहमानों का स्वागत करते हुए, राज्यपाल ने कहा कि मालदीव के माननीय राष्ट्रपति की राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री के साथ प्रेरक बैठकों और शिष्टाचार यात्राओं ने लोगों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूत किया है। द्विपक्षीय संबंधों पर हमारे दोनों देशों की। उन्होंने कहा कि मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में सदियों पुराने सांस्कृतिक, आर्थिक, व्यापार और लोगों से लोगों के संबंधों के साथ भारत का प्रमुख भागीदार और करीबी दोस्त और पड़ोसी है। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'सागर विजन' नीतियों में मालदीव का प्रमुख स्थान है। मुद्रा विनिमय सुविधा पर हस्ताक्षर मालदीव के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हाल के दिनों में हवाई कनेक्टिविटी और वीजा सुविधाओं के विस्तार ने हमें एक-दूसरे के करीब ला दिया है। यह जानकर खुशी हुई कि रुपये कार्ड मालदीव में लॉन्च किया गया है।

उन्होंने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति के साथ व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का आना सौभाग्य की बात है। बेंगलूरु भारत का आईटी हब है। हमें विश्वास है कि बेंगलूरु के व्यापारिक समुदाय के साथ आपकी बातचीत से हमारे आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध और मजबूत होंगे। भारत आने और हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए अपने विचार साझा करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हम मालदीव के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि मालदीव के राष्ट्रपति और प्रथम महिला के नेतृत्व में मालदीव के प्रतिनिधिमंडल ने बेंगलूरु का दौरा किया और मालदीव की प्रथम महिला बेंगलूरु में छात्रा थीं। यह समझा जाता है कि मालदीव सरकार बेंगलूरु में अग्रणी आईटी उद्योग के साथ साझेदारी करने में रुचि रखती है। उन्होंने बताया कि बेंगलूरु को भारत की सिलिकॉन वैली के रूप में जाना जाता है और इसने स्टार्ट-अप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वैश्विक क्षमता निर्माण केंद्रों और एक नवाचार केंद्र के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है।

हम मालदीव में आईटी उद्योग के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए उत्साहित हैं। हम मालदीव आने वाले बड़ी संख्या में पर्यटकों तक पहुंचने के लिए अपने हस्तशिल्प और हथकरघा बाजार को बढ़ावा देने के लिए मालदीव के साथ व्यापारिक संबंध बनाना चाहेंगे। कर्नाटक अपनी प्राकृतिक विविधता, संस्कृति और समृद्ध विरासत के लिए जाना जाता है। हमारे कवि कुवेम्पु ने कर्नाटक को सभी जातियों की शांति का उद्यान कहा है। हमारी पर्यटन टैगलाइन 'एक राज्य, अनेक दुनिया' जिसमें लगभग 300 किमी लंबी तटरेखा के अलावा, हमारे पास बाघ और पक्षी अभयारण्यों के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा घना जंगल है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए मालदीव के साथ साझेदारी करने के लिए उत्सुक हैं।

मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने कहा, मैं राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री को भारत आने के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। साथ ही, मैं बेंगलूरु में उनके गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए राज्यपाल और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। भारत के प्रसिद्ध राज्य कर्नाटक, विशेषकर बेंगलूरु का दौरा करना बहुत खुशी की बात है। मालदीव के छात्र कर्नाटक में पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास में सहयोग दिया जायेगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एमसी सुधाकर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराजू, सरकार की मुख्य सचिव डॉ. शालिनी रजनीश, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की सचिव सत्यवती.जी सहित गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस विधायक पर दुष्कर्म, अपहरण और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण और आपराधिक धमकी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि संजय नगर पुलिस थाने में 34 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा की गई शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया। शिकायत में धारवाड़ के विधायक पर पीड़ित को फोन और वीडियो कॉल करने का आरोप लगाया गया है।

पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी में विधायक को आरोपी नंबर-एक और उनके करीबी सहयोगी अर्जुन को आरोपी नंबर-दो बनाया गया है।

महिला ने आरोप लगाया है कि वह 2022 में विधायक से मिली थी। उसने कुलकर्णी पर उसे वीडियो कॉल करने तथा उसके साथ अश्लील बातचीत करने का आरोप लगाया।

उसने आरोप लगाया कि वह उसे देवनहल्ली में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक सुनसान इलाके में ले गया, जहां उसने कार के अंदर उसके साथ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न किया। उसने उसे अपना मुंह बंद रखने की धमकी भी दी।

पुलिस के अनुसार, महिला की शिकायत के आधार पर विधायक के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम और दुष्कर्म, अपहरण, आपराधिक धमकी, साक्ष्य मिटाना, महिला को चोट पहुंचाना तथा उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग करने संबंधी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कैथोलिक सभाभवन के प्रदर्शन में शामिल ए.जे. डिसोजा पर हमले के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

मंगलूरु। मंगलूरु ग्रामीण पुलिस ने पांच को अक्तूबर अडयार में कैथोलिक सभाभवन द्वारा आयोजित प्रदर्शन के दौरान अल्विन जेरॉम डिसोजा पर हुए हमले के मामले में दो आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। डिसूजा पर पांच अक्तूबर को हमला किया गया था और इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी।

मंगलूरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अताउल्ला (40 वर्ष) और तौसीर उर्फ पत्तोंजी ताउसीर (31 वर्ष) के रूप में की है। अग्रवाल ने कहा कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके उन्हें अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच जारी है।

# हरियाणा के नतीजों का कर्नाटक में जाति जनगणना की प्रतिबद्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा : मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने बुधवार को कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों का जाति जनगणना के मुद्दे पर राज्य की कांग्रेस सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कर्नाटक मंत्रिमंडल 18 अक्टूबर को सामाजिक-आर्थिक एवं शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट पर चर्चा कर सकता है। इस रिपोर्ट को जाति जनगणना के रूप में जाना जाता है, जो राज्य में 2014-15 में किये गये सर्वेक्षण पर आधारित है। हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल की जिससे कांग्रेस की उम्मीदें धराशायी हो गईं। कुछ रिपोर्ट में कहा गया है कि हरियाणा में जाति-आधारित गोलबंदी से भाजपा को फायदा हुआ, जहां कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान पिछड़े वर्गों को लुभाने के लिए जाति सर्वेक्षण का वादा किया था।

खरगे से पूछा गया कि क्या हरियाणा में मिली असफलता का राज्य में जाति जनगणना पर कोई प्रभाव पड़ेगा तो उन्होंने कहा, इसका (हरियाणा के नतीजों का) कोई असर क्यों होगा? हमारी अपनी सोच और नीतियां हैं।



कर्नाटक के लोगों के प्रति हमारी अपनी प्रतिबद्धता है। कांग्रेस की जाति जनगणना की प्रतिबद्धता पूरे देश में है। हम इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि जाति जनगणना होनी ही चाहिए।

ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व एम मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया जाति जनगणना पर स्पष्ट हैं और राज्य में इस मुद्दे पर कोई अस्पष्टता नहीं है। उन्होंने कहा, जाति जनगणना का उद्देश्य केवल संख्या ज्ञात करना नहीं है, बल्कि इससे सरकार को बेहतर नीतियां, योजनाएं बनाने और बेहतर शासन चलाने में मदद मिलती है...।

प्रियांक ने जाति जनगणना पर सत्तारूढ़ कांग्रेस में लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के नेताओं के बीच मतभेद को विविधता करार दिया।

# दीपावली शराब का नहीं, रोशनी का त्योहार : प्रसाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार द्वारा दीपावली के दौरान सरकारी शराब की स्टोर्स पर शराब की बिक्री बढ़ाने का निर्णय चौंकाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कदम से लाखों गरीब परिवारों को नुकसान होगा जो पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए सरकार का औचित्य अस्वीकार्य है, और यह स्पष्ट है कि यह निर्णय नागरिकों की भलाई के बजाय राजस्व संबंधी विचारों से प्रेरित है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने विज्ञप्ति में बताया।

उन्होंने कहा कि इस कदम का गरीब और हाशिए पर पड़े समुदायों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मांग की है कि सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार करे और अपने नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता दे। सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह लोगों की दुर्दशा को समझे और उनकी पीड़ा को बढ़ाने के बजाय उन्हें कम करने के लिए कदम उठाए। सरकारी शराब दुकानों में शराब बिक्री ने पहले ही कई परिवारों को भारी परेशानी में डाल दिया है। शराब की बिक्री से होने वाला राजस्व नागरिकों की भलाई की कीमत पर नहीं आना चाहिए। सरकार को अपने नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए, खासकर दीपावली जैसे त्योहारों के दौरान, जो जश्न और खुशी का समय होता है। इसके अलावा, दिवाली के दौरान शराब की बिक्री बढ़ाने का सरकार का फैसला विडंबनापूर्ण है, क्योंकि सरकार शराबबंदी को बढ़ावा देने और शराब की बिक्री कम करने का दावा करती है। विपक्षी दलों ने शराब की बिक्री और समाज पर इसके प्रभाव के मुद्दे को संबोधित करने में सरकार की विफलता का हवाला देते हुए पाखंड का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोगों की मांग है कि सरकार अपना फैसला वापस ले और उनके कल्याण को प्राथमिकता दे। विपक्षी दल सरकार पर अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और सभी नागरिकों के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में काम करने का दबाव बनाते रहेंगे। तमिलनाडु सरकार द्वारा दीपावली के दौरान शराब की बिक्री बढ़ाने का निर्णय चिंताजनक है। इस कदम से लाखों गरीब परिवारों, खासकर महिलाओं और बच्चों को नुकसान होगा, जो पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। सरकार को अपने नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि शराब की बिक्री को बढ़ावा देना चाहिए। हम मुख्यमंत्री स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन से आग्रह करते हैं कि वे हस्तक्षेप करें और 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सरकारी शराब की दुकानों के लिए तीन दिन की छुट्टी घोषित करें।

## तमिलनाडु ने सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई किया


पल्लकड़/भाषा। पूर्व चैम्पियन तमिलनाडु ने बुधवार को यहां हिमाचल प्रदेश को 1-0 से हराकर 29वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई किया। तीन टीम तमिलनाडु, केरल और गोवा के तीन मैच में छह छह अंक रहे। लेकिन तमिलनाडु ने मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई किया। मिडफील्डर और कप्तान काव्या पक्कीरीसैमी ने 29वें मिनट में महत्वपूर्ण गोल दागा। ग्रुप के अन्य मैच में मेजबान केरल ने गोवा को 2-0 से हराया। टीम के लिए मनासा के और अलीना टोनी ने गोल किये।

# सीएमसी वेल्लोर चित्तूर में एक नया मेडिकल कॉलेज स्थापित करेगा

## अजीम प्रेमजी फाउंडेशन 500 करोड़ रुपये का अनुदान देगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज वेल्लोर ने आज अपने चित्तूर परिसर में एक नया मेडिकल कॉलेज और एक शिक्षण अस्पताल स्थापित करने की योजना का अनावरण किया और मुख्य रूप से वंचितों के लिए मूल्य-आधारित स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथ साझेदारी समझौते की घोषणा की। समझौते के तहत, फाउंडेशन मेडिकल कॉलेज स्थापित करने और मौजूदा 120 बिस्तरों वाले अस्पताल को 422 बिस्तरों वाले शिक्षण अस्पताल में अपग्रेड करने के लिए सीएमसी वेल्लोर को 500 करोड़ रुपये का अनुदान देगा। यह अनुदान चिकित्सा शिक्षा में अग्रणी सीएमसी वेल्लोर को अपनी एमबीबीएस शिक्षा के विशिष्ट तत्वों का विस्तार करने और भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बढ़ती




असमानताओं को दूर करने के लिए प्राथमिक-सह-माध्यमिक स्वास्थ्य देखभाल (पीएसएचसी) के अनुशासन पर ध्यान केंद्रित करने में भी सक्षम करेगा।

सीएमसी वेल्लोर के निदेशक डॉ. विक्रम मैथ्यूज ने कहा, हमारा सपना है कि हमारे चित्तूर कैंपस में नया मेडिकल कॉलेज और शिक्षण अस्पताल प्रासंगिक चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा वितरण, अनुसंधान और आउटरीच का एक अनुकरणीय मॉडल पेश करेगा, जो हमारे देश की वित्तीय, सामाजिक और संसाधन बाधाओं के प्रति संवेदनशील होगा। हम इस यात्रा में हमारे साथ साझेदारी करने के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के बेहद आभारी हैं क्योंकि सीएमसी वेल्लोर 2025 में अपनी 125 वीं वर्षगांठ मना रहा है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग बेहर ने कहा, सीएमसी वेल्लोर उच्चतम गुणवत्ता वाली शिक्षा और गहरी सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ स्वास्थ्य सेवा में एक अनुकरणीय संस्थान है। इसने उन्हें भारतीय स्वास्थ्य सेवा के लिए सच्चे प्रकाश स्तंभों में से एक बना दिया है। हमें उनका समर्थन करने का सौभाग्य मिला है क्योंकि वे अपना दूसरा मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रहे हैं। सीएमसी वेल्लोर के प्रिंसिपल डॉ. सोलोमन सतीशकुमार ने कहा, चित्तूर परिसर में शिक्षा की शुरुआत पांच साल पहले संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान पाठ्यक्रमों और नर्सिंग कॉलेज से हुई थी। हमें उम्मीद है कि नया मेडिकल कॉलेज प्राथमिक-सह-माध्यमिक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उन्नति के लिए एक राष्ट्रीय संसाधन के रूप में विकसित होगा, जिसमें सामान्य चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने का अधिदेश होगा जो किसी भी संभावित भूमिका में काम कर सकते हैं, लेकिन गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक और माध्यमिक देखभाल पर प्राथमिकता दी जाएगी। यह समझौता दोनों संगठनों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर आधारित है जो 2020 में शुरू हुआ था जब महामारी ने भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बाधित कर दिया था।

# कर्नाटक के कांग्रेस विधायक ने ही वाल्मीकि घोटाले की असली साजिश रची थी : ईडी

**सुसाइड नोट में चंद्रशेखरन ने आरोप लगाया कि निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये निकाले गए। इसके अतिरिक्त, कुछ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और हैदराबाद स्थित एक सहकारी बैंक के विभिन्न खातों में अवैध रूप से 88.62 करोड़ रुपये जमा किए गए।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दावा किया कि कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक बी नागेंद्र ने वाल्मीकि निगम से जुड़े करोड़ों रुपये के कथित घोटाले की असली साजिश रची थी और राज्य सरकार के इस निकाय से निकाले गए फंड का इस्तेमाल इस साल हुए लोकसभा चुनाव में एक प्रत्याशी के लिए भी किया गया।

ईडी ने कहा कि इस मामले में उसने कुछ समय पहले बेंगलूरु में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत के समक्ष अभियोजन शिकायत या आरोपपत्र दायर किया है। इसने कहा कि अदालत ने आरोपपत्र का संज्ञान लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा, विधायक एवं अनुसूचित जनजाति मामलों के पूर्व मंत्री बी नागेंद्र को घोटाले की साजिश रचने के मुख्य आरोपी के रूप में नामित किया गया है। आरोप है कि उन्होंने सत्यनारायण वर्मा, एतकारी सत्यनारायण, जे.जी. पद्मनाभ, नागेश्वर राव, नेककेंटी नागराज तथा विजय कुमार गौड़ा जैसे अपने प्रमुख सहयोगियों सहित 24 अन्य लोगों की मदद से कथित तौर पर इस घोटाले को अंजाम दिया। इस मामले में नागेंद्र को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

एजेंसी ने दावा किया कि उसकी जांच में पाया गया कि बी नागेंद्र के कहने पर, निगम (कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम) का खाता बिना किसी उचित अधिकार-पत्र के एमजी रोड शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां गंगा कल्याण योजना के तहत राज्य के खजाने से 43.33 करोड़ रुपये सहित 187 करोड़ रुपये उचित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए जमा किए गए। ईडी आरोप लगाया कि बाद में इस धन को कई फर्जी खातों के माध्यम से निकाला गया और नकदी तथा सोने-चांदी के रूप में बदल दिया।

इसने कहा कि ''परिवर्तित'' निधियों में से 20.19 करोड़ रुपये का उपयोग 2024 के लोकसभा चुनाव में बेल्लारी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले एक उम्मीदवार और बी नागेंद्र के व्यक्तिगत खर्चों के लिए भी किया गया। ईडी ने कहा कि इन खर्चों के ''सबूत'' उसे तलाशी अभियान के दौरान मिले और वित्तीय छानबीन तथा बयानों से ''पुष्टि'' हुई। इसने दावा किया कि इन चुनाव खर्चों का ब्योरा विजय कुमार गौड़ा के मोबाइल फोन से मिला, जो नागेंद्र के कहने पर नकदी का प्रबंधन संभालता था।

धन शोधन का मामला कर्नाटक पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी से संबद्ध है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि निगम (वाल्मीकि) के खातों से करीब 89.62 करोड़ रुपये आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में ''फर्जी खातों'' में अंतरित किए गए। निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी के 21 मई को मृत मिलने के बाद इन कथित अनियमितताएं का खुलासा हुआ। लेखा अधीक्षक ने एक सुसाइड नोट लिखा था जिसमें निगम से विभिन्न बैंक खातों में अवैध रूप से धन अंतरित करने का आरोप लगाया गया था।

सुसाइड नोट में चंद्रशेखरन ने आरोप लगाया कि निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये निकाले गए। इसके अतिरिक्त, कुछ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और हैदराबाद स्थित एक सहकारी बैंक के विभिन्न खातों में अवैध रूप से 88.62 करोड़ रुपये जमा किए गए।

## प्रल्हाद जोशी, जर्मनी के वाइस चांसलर ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने जर्मनी के वाइस चांसलर रॉबर्ट हेबेक ने नवीकरणीय ऊर्जा में अवसरों और सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की है। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बयान में कहा कि जोशी ने जर्मनी के बर्लिन में हैम्बर्ग स्थिरता सम्मेलन (एचएससी) के मौके पर मंगलवार को हेबेक से मुलाकात की। हेबेक आर्थिक मामलों और जलवायु कार्रवाई के मंत्री भी हैं।

जोशी ने कहा, एचएससी2024 के दौरान डॉ. रॉबर्ट हेबेक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग को मजबूत करने पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में हरित हाइड्रोजन, अपतटीय पवन, बायोगैस और सौर अपशिष्ट के पुनर्चक्रण पर भी विचार-विमर्श किया गया। हमें यह जानकर खुशी हुई कि ऊर्जा संक्रमण पर भारत और जर्मनी का सहयोग अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी के लिए हरित हाइड्रोजन का एक विश्वसनीय स्रोत बनकर उभरेगा।



**हरी झंडी**

चेन्नई में बुधवार को परिवहन मंत्री एसएस शिवशंकर ने नगर परिवहन निगम केंद्रीय कार्यालय चेन्नई पल्लवन इलम में 22.69 करोड़ रुपये की 25 नई बीएस-4 लो फ्लोर बसों के संचालन को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव के. पैनिन्द्र रेड्डी, ईए पाटा सिटी ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. एल्बी जॉन वर्गीस, कंट्री डायरेक्टर, भारत, जर्मन बैंक, ई.ए.डी. उल्फ मुथ (वोइल मुथ), परिवहन विशेषज्ञ स्वाति खन्ना, जर्मन दूतावास के उप महावाणिज्यदूत कुचलर सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगा 'सरस'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में सहकारी क्षेत्र का प्रतिष्ठित सरस मिल्क ब्राण्ड अब दिल्ली, एनसीआर और उत्तर प्रदेश में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करायेगा। भारत सरकार ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के दिल्ली एनसीआर और उत्तर प्रदेश में विस्तार कार्यक्रमों के लिये हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। राजस्थान के दो दिवसीय राजकीय दौरे पर आये केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ. एस.पी. सिंह बघेल ने बुधवार को राजस्थान में डेयरी विकास के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में डेयरी विकास की अपार संभावनाएँ हैं और भारत सरकार इस क्षेत्र में राज्य सरकार और आरसीडीएफ को हर संभव मदद मुहैया करायेगी।

इस अवसर पर राज्य के पशुपालन, देवस्थान और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत और डेयरी और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने उन्हें बताया कि राईजिंग राजस्थान के दौरान डेयरी के क्षेत्र में 500 करोड रुपये से अधिक का निवेश होगा।

राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रीमती श्रुति भारद्वाज ने आरसीडीएफ एवं जिला दुग्ध संघों की भौतिक एवं आर्थिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरसीडीएफ ने गत वित्तीय वर्ष में रेकार्ड लाभ अर्जित किया है।

य्स्रउन्होंने आरसीडीएफ द्वारा दिल्ली एनसीआर और उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित विस्तार, एक्सपोर्ट, नवाचार, नये सरस उत्पाद जैसे कोल्ड कॉफी और डाईट आधारित उत्पाद आदि की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन मंत्री डॉ0 बघेल ने आरसीडीएफ के सरस दीपावली गिफ्ट हैंड पैक को भी लॉन्च किया। दीपावली गिफ्ट पैक में शामिल सरस उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की तारीफ करते हुए उन्होंने आरसीडीएफ द्वारा त्यौहार के मौके पर आम उपभोक्ताओं को स्वादिष्ट एवं स्वास्थवर्धक मिठाईयां उपलब्ध करवाने के प्रयास की जमकर तारीफ की।

## नतीजे उम्मीद के मुताबिक ही रहे : पूनिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता एवं हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया ने मंगलवार को कहा कि नतीजे उम्मीद के मुताबिक ही रहे और हरियाणा की जनता ने अब कांग्रेस पर पूर्ण विराम लगा दिया है। उन्होंने कहा, एग्जिट पोल कांग्रेस के बाहर जाने (बाहर का रास्ता दिखाने) के लिए पोल था। हरियाणा की जनता ने कांग्रेस पर पूर्णविराम लगा दिया है। हमें इस नतीजे की उम्मीद थी। पूनिया ने कहा कि पार्टी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के चेहरे पर चुनाव लड़ा और वह हरियाणा की पसंद बन गए।

पूनिया ने यहां कहा, उन्होंने कम समय में जो काम किया है और जो फैसले लिए हैं, उससे लोगों का उन पर भरोसा बढ़ा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी के संसदीय बोर्ड और नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की बैठक में लिया जाएगा। भाजपा के पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की जनता कांग्रेस के खिलाफ रही है। उन्होंने कहा लोग जानते हैं कि मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में किस तरह से भावनात्मक तरीके से काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हरियाणा में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के माध्यम से उस लिंगानुपात को ठीक किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कई महिलाओं के जीवन को बदलने का काम किया। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग ने मोदी सरकार के कामकाज और भ्रष्टाचार मुक्त हरियाणा सरकार को चुना है।



गहलोत सरकार के अंतिम फैसलों की समीक्षा

# भूमि आवंटन से जुड़े 300 मामलों की अधिकारियों से मांगी डिटेल रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। गहलोत सरकार के अंतिम दिनों में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णयों की समीक्षा प्रक्रिया अब भी जारी है। इस मुद्दे पर गठित कैबिनेट की उप-समिति ने बुधवार को सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें भूमि आवंटन से जुड़े 300 मामलों पर चर्चा की गई। अधिकारियों को इन मामलों की डिटेल रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अगले सत्र में इन पर और गहराई से विचार किया जा सके। विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि अधिकारियों से भूमि आवंटन के मामलों की विस्तृत जानकारी मांगी गई है, ताकि सभी प्रकरणों पर सही ढंग से निर्णय लिया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सा और उच्च शिक्षा से जुड़े कुछ मामलों के लिए और भी सत्यापन की जरूरत है, जिन पर अगले चरण में चर्चा की जाएगी। इस बैठक में लगभग 25 प्रकरणों पर विचार किया गया, लेकिन 30-40 प्रकरणों पर अभी और चर्चा की जानी बाकी है। सोमवार को अगली बैठक में रिपोर्ट को अंतिम रूप देकर मुख्यमंत्री को सौंपने की योजना है। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंहखींवसर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में खाद्य मंत्री सुमित गोदारा भी मौजूद थे।

# जोधपुर में कांगो फीवर से एक महिला की मौत, अलर्ट मोड पर स्वास्थ्य विभाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में कांगों बुखार से एक महिला की मौत हो गई है। करीब पांच साल बाद जोधपुर में एक बार फिर कांगो फीवर (सीसीएचएफ) का मामला समाने आया है। अहमदबाद से रिपोर्ट मिलने के बाद स्वास्थ्य महकमा मृतका के निवास स्थान पर पहुंचा है। आस पास के लोगों और परिजनों के खून के सैंपल एकत्र किए जा रहे हैं। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रीतम सिंह ने बताया कि जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र के नांदडा कलां निवासी 51 वर्षीय महिला गत दिनों बीमार हुई थी, जिसे परिजन उपचार के लिए अहमदाबाद लेकर गए थे। वहां पर उसका निधन हो गया।

परिजनों ने शव को गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया है। पुणे से कांगो फीवर की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद क्षेत्र से सैंपल एकत्र किए जा रहे हैं। पशुओं की भी जांच की जा रही है। मृतक महिला पशुपालन से जुड़ी हुई थी। पशुओं के साथ रहने वालों को कांगों फीवर का खतरा अधिक होता है।

पशुओं की चमड़ी से चिपके रहने वाला 'हिमोरल' नामक परजीवी इस रोग का वाहक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक कांगो फीवर से संक्रमित होने पर बुखार के एहसास के साथ शरीर की मांसपेशियों में दर्द, चक्कर आना और सिर में दर्द, आंखों में जलन और रोशनी से डर जैसे लक्षण पाए जाते हैं।

जोधपुर में साल 2014 में पहला केस क्रीमियन-कांगो हेमोरेजिकफीवर (सीसीएचएफ) का आया था, जिसमें रेजिडेंसी रोड स्थित निजी अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ को कांगो हुआ और मौत हो गई थी। इसके बाद 2019 में तीन बच्चों में लक्षण नजर आए थे। साथ ही एम्स में दो रोगियों की मौत हुई थी। अब पांच साल बाद जोधपुर से सटे नांदडा गांव में मामला समाने आया है।



# सरकार पशुओं तथा पशुपालकों के विकास के प्रति कृतसंकल्पितः जोराराम कुमावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पशुपालन, गोपालन, डेयरी और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि हमारी सरकार पशुओं तथा पशुपालकों के विकास के प्रति कृतसंकल्पित है और बहुत संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने बुधवार को आगरा रोड स्थित राजस्थान राज्य पशुधन प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान में मोबाईल वेटेरिनरी इकाइयों के लिए कॉल सेटर के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि कॉल सेंटर का संचालन निश्चित रूप से विभाग के लिए एक बहुत ही सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री, पशुपालन, गोपालन, मत्स्य एवं गृह विभाग जवाहर सिंह बेढम उपस्थित रहे।

कुमावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि मोबाईल पशु चिकित्सा एवं कॉल सेंटर पशुधन और पशुपालकों के लिए एक बहुत बड़ी भेंट और सुविधा है। कॉल सेंटर की सुविधा शुरू होने से घर पर ही पशुओं का इलाज मिलना शुरू हो जाएगा जिससे पशुपालकों के समय और पैसे दोनों की बचत होगी। कुमावत ने कहा कि मंगला पशु बीमा योजना की क्रियान्विति भी जल्द शुरू की जाएगी। पशुपालन, गोपालन, मत्स्य एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का एक जरिया पशुपालन है इसीलिए पशु को पशुधन कहा गया है।

पशुपालन के माध्यम से हमारे ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था नियमित रहती है। उन्होंने कहा कि पशुपालक के घर पर पशुओं के लिए चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराना एक उपयोगी पहल है।

इस अवसर पर शासन सचिव पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य डॉ समित शर्मा ने कहा कि कॉल सेंटर का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए पशुधन और पशुपालकों को अधिक से अधिक संख्या में लाभ पहुंचाना इस योजना का उद्देश्य है। आने वाले 6 महीनों में पशुपालन विभाग प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ तीन विभागों में होगा, ऐसा हमारा प्रयास है। उन्होंने कॉल सेंटर पर वीडियो कॉलिंग की सुविधा शुरू करने के लिए भी बीआइएफएल के अधिकारियों को सुझाव दिया।

कार्यक्रम के आरंभ में पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ भवानी सिंह राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मोबाइल पशु चिकित्सा सेवा द्वारा 161934 शिविरों के माध्यम से 27.48 लाख से अधिक पशुओं का उपचार करते हुए लगभग 6.86 लाख पशुपालकों को लाभान्वित किया गया है।



# 'भूल भुलैया 3' की स्टारकास्ट ने जयपुर में मचाया धमाल

जयपुर/दक्षिण भारत। जयपुर के गुलाबी शहर में मंगलवार की सुबह थी कुछ खास, जब बॉलीवुड की चर्चित फिल्म भूल भुलैया 3 की स्टारकास्ट ने जयपुर की गलियों में कदम रखा। हवा में सिनेमा का जादू बिखर गया, जब राजमंदिर सिनेमा में इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। राजमंदिर के बाहर युवाओं की दीवानगी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बॉलीवुड के सितारों का जादू सिर चढ़कर बोलता है। जैसे ही विद्या बालन, तृप्ति डिमरी, और कार्तिक आर्यन की एक झलक पाने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ी, सिनेमा हॉल के बाहर का नजारा किसी बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर से कम नहीं था। धक्का मुक्की में फैंस एक दूसरे को पीछे छोड़ते हुए अपनी फेवरेट स्टार्स के दीदार के लिए बेताब नजर आए।

भूल भुलैया 3 के ट्रेलर में कार्तिक आर्यन एक बार फिर रूह बाबा के किरदार में धमाल मचाते हुए नजर आए। लेकिन इस बार ट्विस्ट ज़रा हटके है! मंजुलिका के रोल में विद्या बालन के साथ, अब माधुरी दीक्षित भी रूह बाबा के लिए मुश्किलें खड़ी करती दिखाई देंगी। जी हां, इस बार रूह बाबा का सामना दो-दो मंजुलिकाओं से होने वाला है, और ट्रेलर ने फैंस को सस्पेंस से भर दिया है। जयपुर के राजमंदिर में सितारों का महफिल, ट्रेलर रिलीज ने किया दिलों पर राज राजमंदिर की खूबसूरत दीवारों के बीच जब भूल भुलैया 3 का ट्रेलर लॉन्च हुआ, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें चमक उठीं। विद्या बालन, कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, और राजपाल यादव की मौजूदगी ने इस इवेंट को यादगार बना दिया। प्रोड्यूसर भूषण कुमार और डायरेक्टर अनीस के साथ इस फिल्म की टीम ने जयपुरवासियों को वो पल दिया, जो वे शायद कभी नहीं भूल पाएंगे।

साल 2024 की सबसे मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार, भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने फैंस की एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा दिया है। अब देखना होगा कि ये हॉरर-कॉमेडी का तड़का बॉक्स ऑफिस पर कितना बड़ा धमाका करता है!



# क्रोध से विवेक नष्ट हो जाता है : डॉ संयमरत्न विजय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री आवास पर क्षमापना महोत्सव पर विश्व पूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद्विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. की मनमोहक मूर्ति युग प्रभावकाचार्य श्रीमद विजय जयन्तसेन सूरीश्वर जी म.सा.के शिष्य मुनिश्री डॉ.संयमरत्न विजयजी, मुनिश्री भुवनरत्न विजय जी म.सा.ने भेंट की। मुख्यमंत्री जी ने अपने मन के सुंदर भावों से हर्षोल्लास के साथ अपने निवास स्थान पर मंदिरजी मे गुरु प्रतिमा जी को दर्शनीय रूप में विराजमान करने का खूब अनुकरणीय अनुमोदनीय अतिसुंदर हृदय के शुभ भावों को प्रकट किया।

मुनि डॉ.संयमरत्न विजय जी ने सारगर्भित प्रवचन देते हुए कहा कि 'नर तन का आभूषण 'रूप' है,रूप का आभूषण 'गुण' है, गुण का आभूषण 'ज्ञान' है और ज्ञान का आभूषण 'क्षमा' है। क्षमा रूपी शस्त्र जिसके पास हो,उसका दुर्जन कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। क्षमा भाव का ऐसा दुरुपयोग नहीं होना चाहिए कि जिससे हमें ही नुकसान पहुँच जाए। जहाँ क्षमा का भाव हो, वहाँ क्रोध नहीं टिकता। क्रोध से विवेक नष्ट हो जाता है, विवेक नष्ट होने पर स्मृति लुप्त हो जाती है,स्मृति के नष्ट होने पर बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है और बुद्धि के भ्रष्ट होते ही सब कुछ नष्ट हो जाता है।' मुनि श्री डॉ.संयमरत्न विजय जी ने मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि आप भरतपुर क्षेत्र से है और दादा गुरुदेव श्री राजेन्द्रसूरिजी का जन्म भी भरतपुर में हुआ, जिन्होंने मात्र 20 वर्ष की वय में दीक्षा लेकर 60 वर्ष का संयम जीवन पालन किया और अपनी उम्र के 63वें साल में श्री अभिधान राजेन्द्र कोष का स्वहस्तों से लेखन कार्य प्रारंभ किया, जिसे पूर्ण करने में 14 वर्ष लगे।इस विश्व कोष के बिना हर शोधार्थी का शोध अधूरा रहता है। इस कोष में 70 हजार शब्दों का विवेचन, 4 लाख श्लोकों का वर्णन और 10 हजार 566 पृष्ठों में संस्कृत प्राकृत भाषा में लिपिबद्ध है। राजेन्द्र कोष व दादा गुरुदेव श्री के विषय में सुनकर मुख्यमंत्री महोदय अभिभूत हुए। मुनिश्री डॉ. संयमरत्न विजय जी, मुनिश्री भुवनरत्न विजय जी ने मुख्यमंत्री को दादा गुरुदेवश्री के 'जीवन चरित्र' व 'क्षमापना अपना बनाती' नामक बुक भेंट करके आशीर्वाद प्रदान किया।

# राजस्थान में मंदिर जाने वाले रास्ते पर चहलकदमी करने लगा बाघ, दहशत में आ गए श्रद्धालु

सवाई माधोपुर।राजस्थान के सवाई माधोपुर में एक मंदिर के सामने कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई हैरान हो गया। दरअसल, रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाले रास्ते पर बुधवार सुबह एक बाघ आ गया। बाघ मंदिर के सिंहद्वार पर चहलकदमी करने लगा। रास्ते में अचानक बाघ को देख सभी श्रद्धालु दहशत में आ गए। वो इस दृश्य को अपने-अपने मोबाइल कैमरे में कैद करने लगे। जानकारी के मुताबिक, रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर के सिंहद्वार पर बाघ करीब 15 मिनट तक टहलता रहा। कुछ देर बाद वह जोन नंबर 5 की तरफ जाने लगा। देखते ही देखते वह लोगों की नजरों से ओझल हो गया।

मंदिर के सामने बाघ की सूचना जैसे ही वन विभाग को मिली वैसे ही एक टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान मंदिर के आसपास भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई थी। बाघ की खबर सुनकर वहां उत्साह और भय दोनों का माहौल था।




# राजस्थान विश्व-प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र, यहां निवेश की अपार संभावनाएं : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सुविधाएं और रियायतें उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को गति देने के लिए नई राजस्थान पर्यटन इकाई नीति लाई जा रही है तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार की रियायतों का प्रावधान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जयपुर स्थित होटल ललित में आयोजित राइजिंग राजस्थान पर्यटन प्री-समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समिट में पर्यटन क्षेत्र में 142 निवेश प्रस्तावों के एमओयू से प्रदेश में लगभग 14 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इससे राज्य में 59 हजार प्रत्यक्ष और 10 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। शर्मा ने कहा कि हम राजस्थान को एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाना चाहते हैं। इसके लिए राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड का गठन कर राजस्थान टूरिज्म इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड बनाकर पर्यटन क्षेत्र में 5 हजार करोड़ रुपये के कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही, रिप्स-2024 में स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इन्सेंटिव हेतु पर्यटन के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपये से घटाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान एक विश्व-प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र है, जिसे शांत, सुरक्षित एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के लिए जाना जाता है। वर्ष 2023 में राज्य में करीब 18 करोड़ घरेलू और 17 लाख अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए। पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए हवाई अड्डों का उन्नयन और विकास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जयपुर हवाई अड्डे में नए स्टेट टर्मिनल के निर्माण के साथ ही इसकी यात्री क्षमता भी बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। वैडिंग टूरिज्म में राजस्थान देश में पहले नंबर पर है। साथ ही यहां धार्मिक पर्यटन भी तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सालासर, खाटूश्याम, बाबा रामदेव में श्रद्धालु बड़ी तादाद में दर्शन के लिए आ रहे हैं। इसके लिए होटलों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य बजट में भी खाटूश्यामजी के पावन धाम को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है।

# सैनी से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका महत्वपूर्ण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के प्रमुख के रूप में अपने शपथ ग्रहण से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सैनी को भाजपा की 'ऐतिहासिक' जीत के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है। भाजपा ने चुनाव के दौरान संकेत दिया था कि जीत की स्थिति में शीर्ष पद के लिए सैनी ही उसकी पसंद होंगे।



मार्च में मनोहर लाल खट्टर की जगह अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले सैनी को राज्य के मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी गई थी। सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, ''हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी से मिला और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है।'' इससे पहले, प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सैनी ने पार्टी की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों को दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव विश्लेषकों ने भले ही कांग्रेस के चुनाव जीतने की संभावनाओं का दावा किया हो लेकिन उन्होंने हमेशा जोर दिया कि लोग भाजपा सरकार की नीतियों के कारण उस पर भरोसा करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर कांग्रेस की ओर से संदेह जताए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी झूठ का बवंडर खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा, ''इस बड़ी जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है जो पिछले 10 वर्षों में ऐसी योजनाएं लाए, जिनसे गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को लाभ पहुंचा है। इनसे समाज के सभी वर्गों को मदद मिली। लोग उन्हें प्यार करते हैं और इसलिए भाजपा तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई है।'' यह पूछे जाने पर कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा और शपथ ग्रहण समारोह कब होगा, सैनी ने कहा कि यह तय करने का अधिकार केंद्रीय नेतृत्व और पार्टी के संसदीय बोर्ड को है। उन्होंने कहा, ''केंद्रीय पर्यवेक्षक जल्द ही राज्य का दौरा करेंगे और विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। इसके बाद संसदीय बोर्ड फैसला लेगा।''

सत्ता विरोधी लहर को दरकिनार करते हुए सत्तारूढ़ भाजपा ने हरियाणा में जीत की 'हैट्रिक' लगाकर सत्ता बरकरार रखी और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी की कोशिशों पर विराम लगा दिया। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए।

## हरियाणा के नतीजों ने मोदी सरकार के कमजोर होने संबंधी धारणा को दूर कर दिया: सीतारमण



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में आए हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने यह मिथक ''दूर'' कर दिया है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का तीसरा कार्यकाल पिछले दो कार्यकालों की तुलना में कमजोर है।

कांग्रेस की वापसी की प्रबल धारणा के विपरीत, भाजपा ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल की है। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरेगी और लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के बाद आगे बढ़त की तलाश कर रही कांग्रेस के लिए करारा झटका हो सकती है।

पिछले दो आम चुनावों में भाजपा को अपने दम पर बहुमत मिला था लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में उसकी सीटों की संख्या घट गई। अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' द्वारा आयोजित 'एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया' में एक सवाल पर सीतारमण ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी है।



## सुभद्रा योजना के तहत 35 लाख से अधिक महिलाओं को पांच-पांच हजार रुपए दिए गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बारीपदा (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य की प्रमुख सुभद्रा योजना के तहत पहली किस्त के रूप में 35 लाख से अधिक महिलाओं को बुधवार को पांच-पांच हजार रुपए वितरित किए। लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,750 करोड़ रुपए की राशि भेजी गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर को महिला-केंद्रित इस योजना की शुरुआत की थी और उस दिन लगभग 25.11 लाख लाभार्थियों के खातों में 5,000 रुपए की पहली किस्त भेजी गई थी। माझी ने छौपड़िया में आयोजित एक समारोह के दौरान कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से किए वादे पूरे किए हैं। ओडिशा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा जारी किए घोषणापत्र में महिलाओं के लिए किए गए प्रमुख वादों में से एक सुभद्रा योजना भी है। मुख्यमंत्री माझी ने कहा, ''आज सुभद्रा योजना के तहत दूसरे चरण के वितरण में 35 लाख से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त दी गई।'' उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 60 लाख महिलाओं को सुभद्रा योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने बताया कि 1.20 करोड़ महिलाओं ने इस योजना के लिए पंजीकरण कराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुभद्रा योजना ओडिशा में लागू की गई अब तक की सबसे बड़ी योजना है, जिसमें एक करोड़ से अधिक महिलाएं शामिल हैं। सुभद्रा योजना के पहले चरण के लिए दी गई राशि के दौरान विभिन्न कारणों से वंचित रह गई महिलाओं को दूसरे चरण में राशि मिल गई। जिन लोगों ने सात अक्टूबर तक सफलतापूर्वक आवेदन जमा कर दिए थे, उन्हें बुधवार को उनके बैंक खातों में धनराशि प्राप्त हो गई थी।

## कांग्रेस को जनता के फैसले का सम्मान करना सीखना चाहिए: रीजीजू



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** हरियाणा चुनाव में हार के लिए निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़ा करने के रुख को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि विपक्षी दल को जनता के फैसले का सम्मान करना और उसे स्वीकार करना सीखना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''अब फिर से ईवीएम और निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार मत ठहराइए।'' राहुल गांधी ने कहा था कि विपक्षी दल आयोग को अनेक विधानसभा क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों से अवगत कराएगा।

रीजीजू ने कहा, ''जनता के निर्णय का सम्मान करना और उसे स्वीकार करना सीखिए।''

कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने हरियाणा चुनाव के परिणामों को 'अस्वीकार्य' बताया है। राज्य में कांग्रेस को भाजपा से बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। राहुल गांधी ने भी चुनाव नतीजों को अनपेक्षित बताते हुए कहा था कि कांग्रेस इनका विश्लेषण करेगी।

## बंगाल: चिकित्सकों ने सामूहिक इस्तीफे को 'प्रतीकात्मक' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को दावा किया कि राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा अपने कनिष्ठ समकक्षों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए दिए गए सामूहिक इस्तीफे से इन चिकित्सा प्रतिष्ठानों में स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा है।

अधिकारी ने बताया कि पूरे राज्य में जारी दुर्गा पूजा उत्सव के कारण बाह्य रोगी विभाग में मरीजों की संख्या काफी कम रही, हालांकि वरिष्ठ और कनिष्ठ चिकित्सक, आरएमओ और सहायक प्रोफेसर अपनी नियमित ड्यूटी के लिए पूरे पश्चिम बंगाल के अस्पतालों में मौजूद थे।

आरजी कर अस्पताल में आर्थोपेडिक विभाग में नियमित रूप से आने वाले मुर्शिदाबाद के मरीज सुनिर्मल बसु ने कहा कि जिस चिकित्सक से वह पिछले 4-5 वर्षों से परामर्श कर रहे थे, वह निर्धारित समय के अनुसार ओपीडी में उपस्थित थे।



बसु ने कहा, ''मुझे आशंका थी कि ओपीडी चालू होगी या नहीं, या चिकित्सक मौजूद होंगे या नहीं। लेकिन चिकित्सक किसी भी सामान्य दिन की तरह वहां मौजूद थे।'' एक अन्य मरीज, जिसका पहले से ही कैंसर से संबंधित उपचार निर्धारित था, को भी अस्पताल में देखा गया। मरीज ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया, ''मेरा उपचार आज निर्धारित था, जो ठीक रहा और मुझे कोई परेशानी नहीं हुई।'' वरिष्ठ चिकित्सकों ने हालांकि, चेतावनी दी कि बुधवार तक राज्य द्वारा संचालित अस्पतालों में सेवाओं पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है, लेकिन यदि राज्य सरकार की ओर से कोई सार्थक प्रतिक्रिया नहीं आती है तो आने वाले दिनों में स्थिति शायद ऐसी न रहे। आरजी कर अस्पताल के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप सरकार ने कहा, ''आज तक, हमने मरीजों और उनकी पीड़ा को ध्यान में रखते हुए काम किया है। हम चाहते हैं कि सरकार आगे आए और अपना कर्तव्य निभाए।''

## ओडिशा ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित गांवों में ग्रामोदय योजना शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों में रहने वाले लोगों तक कल्याणकारी कार्यक्रमों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक नई योजना 'ग्रामोदय' शुरू की है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह पहल राज्य के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित 10 जिलों के 583 गांवों को कवर करेगी।

पंचायती राज और पेयजल विभाग ने मंगलवार को इस पहल के लिए अधिसूचना जारी की। इससे एक दिन पहले सोमवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में इस संबंध में घोषणा की थी। इस पहल को बरगढ़, बोलांगीर, बौध, कालाहांडी, कंधमाल, कोरापुट, मलकानगिरी, नबरंगपुर, नुआपाड़ा और रायगढ़ जिलों में लागू किया जाएगा।

इसका उद्देश्य राज्य सरकार के सभी विभागों को एक साथ लाना है जो वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के प्रभावी विकास को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। हालांकि, इस पहल के लिए कोई विशेष बजट आवंटित नहीं किया गया है क्योंकि विभिन्न योजनाओं के लिए निर्धारित विभागों से इसके लिए धन आएगा। व्यवस्थित ढंग से इस पहल के कार्यान्वयन के लिए सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया है। विभिन्न विभागों के सचिव राज्य स्तरीय समिति के सदस्य होंगे।

जिला स्तरीय समिति की अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे और इसमें जिला स्तरीय अधिकारी शामिल होंगे। प्रखंड स्तर पर, समिति में प्रखंड स्तर के अधिकारी शामिल होंगे और इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास अधिकारी करेंगे।

एक अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन के लिए विशेष जागरुकता अभियान, ग्राम सभाएं, शिकायतों की सुनवाई और जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## ओडिशा में अकेली सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है बीजद : नवीन पटनायक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को दावा किया कि बीजू जनता दल (बीजद) राज्य में अकेली सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पटनायक ने यह दावा बीजद का सदस्यता अभियान शुरू करते हुए किया।

पटनायक ने स्वयं को बीजद का गौरवान्वित सदस्य बताया और बीजद की सदस्यता का नवीनीकरण कराने वाले पहले व्यक्ति बने। उन्होंने उत्कलमणि गोपबंधु दास की जयंती पर ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरीकों से बीजद की सदस्यता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा, ''बीजद ओडिशा में अकेली सबसे बड़ी पार्टी है। पिछले आम चुनाव में लोगों ने बड़ी संख्या में बीजद को वोट दिया और पार्टी लोगों के दिलों में है। हम सभी को बीजद का कार्यकर्ता होने पर गर्व है।'' पटनायक ने कहा कि उनकी पार्टी ''त्याग और सेवा'' के आदर्शों पर ओडिशा के लोगों की सेवा करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान किसी भी पार्टी की महत्वपूर्ण गतिविधि होती है और यह संगठन को मजबूत बनाती है।



उन्होंने कहा कि त्याग और सेवा गोपबंधु दास का आदर्श वाक्य था, जिसका पालन उनकी पार्टी कर रही है। पटनायक ने ओडिशा के लोगों को बीजद के सदस्य के रूप में शामिल करने के अलावा राज्य के बाहर रहने वाले लोगों को भी आमंत्रित किया। पटनायक ने कहा, ''मैं चाहता हूं कि राज्य के बाहर के लोग भी बीजद के सदस्य बनें। उनके लिए पार्टी ने सदस्यता पंजीकरण के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की है।''

पटनायक ने कहा कि भारत और विदेश में लोग बीजद के आदर्शों को समझते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के नेता घर-घर जाएंगे और लोगों को क्षेत्रीय पार्टी के उद्देश्य और लक्ष्य से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ओडिशा के हितों की रक्षा के लिए समर्पित है।

पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भाजपा का नाम लिए बिना कहा, ''कुछ पार्टियां सदस्यता अभियान के तौर पर मिस कॉल का इस्तेमाल कर रही हैं। मिस कॉल डायरी उनकी सदस्यता पुस्तिका है। हालांकि, हम इस प्रक्रिया से बहुत ऊपर हैं। हमारी पार्टी के नेता बीजद की सदस्यता के लिए सीधे लोगों से संपर्क करेंगे।'' पटनायक ने स्वाभिमान और संघर्ष को बीजद का आदर्श बताया।

## बदायूं में धार्मिक पुस्तकें जलाने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बदायूं (उप्र)/भाषा।** बदायूं जिले के बिसौली कोतवाली क्षेत्र में एक दरगाह पर धार्मिक पुस्तकों के पन्ने जलाने के आरोप में एक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार किया गया है। तीन दिन पहले हुई इस घटना से सांप्रदायिक तनाव फैल गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को कहा, गिरफ्तार आरोपी की पहचान दानिश (19) उर्फ कुन्नू उर्फ उवेस के रूप में हुई है, जिसने अपराध कबूल कर लिया है। उसने पारिवारिक विवाद के बाद नशे में किताबों में आग लगाने की बात कही है। यह घटना पांच अक्टूबर को सामने आई थी जब मोहल्ला किला कॉलोनी के पास एक दरगाह पर धार्मिक पुस्तकें जली हुई पाई गई थीं। इस घटना से नाराज स्थानीय निवासियों ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की जांच के लिए पुलिस की दो टीम बनाई गईं, जिसके बाद दानिश की पहचान हुई।

## नायडू ने हरियाणा विस चुनाव नतीजे पर कहा-महाराष्ट्र, झारखंड में परिणाम भी इसी तरह के होंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को कहा कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव के रुख को देखा जाए तो महाराष्ट्र और झारखंड में परिणाम भी इसी तरह के होंगे जहां इस साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

दिल्ली के दो दिवसीय दौरे से लौटने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नायडू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि देश को 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का समर्थन करने की जरूरत है क्योंकि बार-बार चुनाव होने से विकास कार्य बाधित होंगे। उन्होंने कहा, ''जम्मू



कश्मीर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों के कारण न केवल सामान्य स्थिति बहाल हुई है, बल्कि भाजपा (चुनाव में मत प्रतिशत के मामले में) अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। यह अच्छी बात है। नरेन्द्र मोदी ने विकास, कल्याण और सुशासन को मिलाकर प्रशासन दिया है। इससे अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। अगर हम इन (चुनाव) नतीजों को देखें, तो महाराष्ट्र और झारखंड में भी यही नतीजे आएंगे, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे पूरा भरोसा है कि ऐसा होगा।''

## त्रिपुरा: मंत्रिमंडल ने जनजातीय परिषद को 30 करोड़ रु. देने को मंजूरी दी

**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बुधवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने छह विकास परियोजनाओं को लागू करने के लिए त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) को 30 करोड़ रुपए आवंटित करने की मंजूरी दे दी।

विकास परियोजनाओं में 10 करोड़ रुपए की लागत से पश्चिम त्रिपुरा जिले के खुमुल्वंग में स्थित एक अस्पताल का विस्तार और गोमती जिले में एक सभागार भवन का निर्माण शामिल है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, राज्य मंत्रिमंडल ने छह महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को लागू करने के लिए टीटीएएडीसी को 30 करोड़ रुपए की मंजूरी दी। हमारी सरकार छठी अनुसूची क्षेत्रों में जनजाति समुदायों के लिए बुनियादी ढांचे, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आतिशी को फ्लैगशिप रोड स्थित बंगला आवंटित नहीं किया गया, भाजपा हड़पने की कोशिश कर रही: 'आप'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को आरोप लगाया कि अधिकारी प्रोटोकॉल की ''अवज्ञा'' कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दबाव में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगला आवंटित नहीं कर रहे हैं जबकि अरविंद केजरीवाल इसे खाली कर चुके हैं।

इस बीच, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री पर ''गैरकानूनी'' तरीके से बंगले में रहने का आरोप लगाया और मांग की कि इसे सील किया जाए। आतिशी अपना सामान लेकर सोमवार को उत्तर दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में स्थित बंगले में रहने आ गयी थीं। इस बंगले में नौ साल तक केजरीवाल रहे और उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इसे खाली कर दिया।

'आप' के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि बंगला अभी आतिशी को आवंटित नहीं किया गया है और उन्होंने भाजपा पर इस बंगले को ''हड़पने'' की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि बंगला परिसर में मौजूदा मुख्यमंत्री का एक शिविर कार्यालय भी खाली करा लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली में विधानसभा चुनाव जीत नहीं पायी है इसलिए वह अब दिल्ली के




मुख्यमंत्री का बंगला ''हड़पने'' की कोशिश कर रही है।

सिंह ने दस्तावेज दिखाते हुए दावा किया कि केजरीवाल ने उचित तरीके से बंगला खाली कर दिया है।

इससे पहले, भाजपा ने आरोप लगाया कि बंगला लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को नहीं सौंपा गया है और इसकी चाबियां अब भी केजरीवाल के पास हैं। हालांकि, सिंह ने इस दावे को खारिज किया। सिंह के आरोपों पर जवाब देते हुए गुप्ता ने सवाल किया कि केजरीवाल द्वारा बंगले की चाबियां पीडब्ल्यूडी को क्यों नहीं सौंपी गयीं और इसके बजाय यह आतिशी के हाथों में चली गयीं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी से 6, फ्लैगस्टाफ रोड बंगला सील करने का अनुरोध किया और मुख्यमंत्री पर ''गैरकानूनी'' रूप से उस पर कब्जा जमाने का आरोप लगाया।

गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आतिशी को मथुरा रोड पर पहले ही एबी-17 बंगला आवंटित कर दिया गया है और उन्होंने अधिकारियों पर फ्लैगस्टाफ रोड बंगले पर ''गैरकानूनी कब्जे'' को ''जानबूझकर'' बचाने का आरोप लगाया। आतिशी को केजरीवाल सरकार में मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद पिछले साल एबी-17 आवास आवंटित किया गया था। सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा केजरीवाल के बंगला खाली करने के दस्तावेजी सबूत होने के बावजूद इस मुद्दे पर ''झूठ'' फैला रही है।

## हरियाणा के नतीजे अप्रत्याशित, शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे: राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित करार देते हुए बुधवार को कहा कि अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराया जाएगा।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर में 'इंडिया गठबंधन' की जीत संविधान और लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया! प्रदेश में इंडिया गठबंधन



की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है!'' जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन 90 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीट के साथ सरकार बनाने को तैयार है।

राहुल गांधी ने कहा, ''हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''सभी हरियाणावासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद।'' उन्होंने कहा कि हक़, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखा जाएगा और लोगों की आवाज़ बुलंद करना जारी रहेगा। जून में लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस के बीच हुई पहली बड़ी सीधी लड़ाई में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में 48 सीट पर जीत दर्ज की जबकि 2019 में उसे 41 सीट मिली थी। कांग्रेस को 37 सीट पर संतोष करना पड़ा।

## सुविचार

**अजीब तरह से गुजर रही है जिंदगी, सोचा कुछ, किया कुछ, हुआ कुछ और मिला कुछ!**


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# मुइज्जू का यू-टर्न

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बयानों में भारत के प्रति 'प्रेम' देखकर आश्चर्य होता है। कुछ महीने पहले ये ही मुइज्जू भारत से संबंध बिगाड़ने को आमादा थे। इनकी 'मंडली' जानबूझकर आपत्तिजनक बयान दे रही थी, जिन्होंने 'आग में तेल' डालने का काम किया था। अब मुइज्जू के सुर बदल गए हैं। वे उम्मीद जता रहे हैं कि मालदीव में और अधिक भारतीय पर्यटक आएंगे। यही नहीं, उन्हें भारत और मालदीव के सदियों पुराने संबंधों की भी याद आ गई, जिन्हें वे मधुर बनाने पर जोर दे रहे हैं। मुइज्जू में यह बदलाव कैसे आया? नेताओं को परिस्थितियों के आधार पर बयान बदलते तो बहुत देखा है, लेकिन मुइज्जू में जो बदलाव दिखाई दिया, वह अत्यंत दुर्लभ है! ये ही मुइज्जू थे, जो चुनाव प्रचार के दौरान 'इंडिया आउट' लिखी टीशर्ट पहनकर मालदीव की गलियों में खूब घूमे थे। तब ये भारत के खिलाफ बयानबाजी करते हुए कई लोगों के मन में यह बात बैठाने में कामयाब हो गए थे कि दिल्ली की वजह से हमारी सुरक्षा खतरे में है। अब मुइज्जू ने यू-टर्न ले लिया है। वे भारत और मालदीव को यूपीआई के जरिए जोड़ने की दिशा में काम करने का वादा कर रहे हैं! मुइज्जू महाशय का यह यू-टर्न बहुत लोगों को भ्रम में डाल सकता है कि उनका हृदय-परिवर्तन हो गया। हालांकि इस मामले में भ्रमित होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है, क्योंकि मुइज्जू भविष्य में कभी भी रंग बदल सकते हैं। अभी वे भारत की तारीफों के पुल इसलिए बांध रहे हैं, क्योंकि उनकी अर्थव्यवस्था की हालत खस्ता है, खजाना खाली है, कहीं और से मदद मिलने की उम्मीद नहीं है, विपक्ष आक्रामक है और जनता निराश है।

मुइज्जू 'चीन के चेले' माने जाते हैं। वे राष्ट्रपति बनने के बाद भारतविरोध की सनक में चीन गए थे। वहां शी जिनपिंग ने आश्वासन तो बड़े-बड़े दिए, लेकिन सहयोग के नाम पर कन्नी काट गए। चीन अपने कर्ज के जाल को लेकर वैसे ही कुख्यात है। श्रीलंका की हालत सब देख चुके हैं। पाकिस्तान की तबाही किसी से छिपी नहीं है। मुइज्जू ने सोचा था कि बीजिंग में उनकी दाल खूब गलेगी। हालांकि हुआ इसका उलटा। दाल गलना तो दूर, बीजिंग की बेरुखी से मालदीव के चूल्हे ठंडे होने की नौबत आ गई। पहले, हर साल हजारों की तादाद में भारतीय पर्यटक मालदीव जाते थे, जो वहां के कुछ मंत्रियों द्वारा नरेंद्र मोदी के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणियों के कारण खफा हो गए थे। इससे मालदीव के बहिष्कार की ऑनलाइन मुहिम शुरू हो गई थी। लोगों ने मालदीव के टिकट रद्द करवाने शुरू कर दिए थे। वास्तव में यहीं से मालदीव के खजाने पर चोट पड़नी शुरू हो गई थी। जब भारतीय पर्यटकों ने मुंह मोड़ा तो मुइज्जू के मन में उम्मीद थी कि 'अब चीन, तुर्किये और पाकिस्तान से पर्यटक आएंगे। लिहाजा घाटे की भरपाई वहां से हो जाएगी', लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बीच विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से खाली होने लगा। मालदीव के दिवालिया होने की आशंका जताई जाने लगी थी। खजाने की हालत देखकर मुइज्जू समझ गए कि अब दिल्ली जाने का वक्त आ गया है। दिल्ली ने उन्हें निराश नहीं किया। चालीस करोड़ डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा अदला-बदली समझौते के अलावा 30 अरब रुपए के रूप में सहायता मिलने से मालदीव की सुस्त अर्थव्यवस्था में ऊर्जा आएगी। हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नए रनवे के उद्घाटन से हवाई यातायात मजबूत होगा। जब प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि 'मालदीव के लोगों के लिए चीजों की जरूरत पूरी करनी हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है', तो मुइज्जू का भावहीन चेहरा बता रहा था कि उन पर घड़ों पानी पड़ गया! मालदीव हो या अन्य पड़ोसी देश, भारत ने सदैव उनकी मदद की है। उन्हें भी यह बात समझनी होगी कि भारतवासी अपने देश और संस्कृति के खिलाफ बयानबाजी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## ट्वीटर टॉक



हरियाणा में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद आज मुख्यमंत्री नायाब सिंह से मुलाकात हुई और उन्हें इस भव्य जीत की बधाई दी। हरियाणा वासियों ने जिन आशाओं और आकांक्षाओं के साथ भाजपा को तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है।

**-अमित शाह**



'भारतीय डाक तंत्र' के सभी समर्पित डाक कर्मियों तथा प्रदेश वासियों को विश्व डाक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! भारत को एक सूत्र में पिरोकर असंख्य लोगों के जीवन में खुशियों का संदेश लाने वाले इंडियन पोस्ट आफिस परिवार का हार्दिक अभिनंदन!

**-योगी आदित्यनाथ**



आज हरियाणा के दलित वर्ग ने बीजेपी को रिकॉर्ड समर्थन दिया है। हरियाणा के ओबीसी बीजेपी के विकास कार्यों को देखकर उसके साथ है। कांग्रेस ने किसानों को भड़काया। लेकिन किसानों को पता है कि उन्हें फसलों पर एमएलपी किसने दी।

**-अर्जुनराम मेघवाल**

## प्रेरक प्रसंग

# चिराग से रोशन सपने

एक बार एक नौजवान फौज में भर्ती होने से रह गया। अपनी तकदीर से नाराज और निराश होकर वापस लौटने लगा। रात को एक सराय में ठहरा। वहां का चौकीदार एक लंबी टहल के बाद आया और ड्योढ़ी में मिट्टी के तेल की डिबिया रोशन करते हुए उसे रात रुकने की जगह देने लगा। वह नौजवान उस गुलाबी रोशनी में देर तक यों ही अनमना बैठा रहा। तब तक चौकीदार ने उसको चटाई, बिछौना दे दिया। उस नौजवान की निराशा को चौकीदार ने भांप लिया था। खाने को दाल-रोटी देते हुए वह बोला, 'चिराग रोशन है, खा लो।

जब तक रोशनी है तब तक जो दिख रहा है, उसे देख लो।' न जाने क्या हुआ कि उस नौजवान के दिमाग की बत्ती जल उठी। उसने उमंग से दाल-रोटी खाई। चिराग को एक बार फिर गौर से देखा। कोई बात नहीं, अब गांव लौटना है तो कोई और काम करना होगा। जब तक भुजाओं में दमखम है तब तक किसलिए घबराना। अब उस नौजवान की आंखों में निराशा के आंसू नहीं, एक बेहतरीन किसान बनने के सपने सज गये थे।

## सामयिक

# हरियाणा ने जातिवाद को नकारा, क्षेत्रीय पार्टियां पूरी तरह साफ

प्रियंका सौरभ
मोबाइल : 7015375570

वर्ष 2019 की तरह हरियाणा में एग्जिट पोल फिर फेल। साल 2019 के हरियाणा चुनावों में एग्जिट पोल ने अनुमान लगाया था कि भाजपा को 61 सीटें मिलेंगी जबकि कुछ एग्जिट पोल में 75-80 सीटों जीतने का भी अनुमान लगाया गया था। हालांकि नतीजे बिल्कुल अलग आए। एग्जिट पोल्स के अनुमान में हरियाणा में कांग्रेस को भारी जीत बताई गई। हालांकि यह सारे अनुमान मंगलवार को धराशायी हो गए। हरियाणा में भाजपा बड़ी पार्टी बनकर उभरी। पूरे हरियाणा में मंगलवार को पहले 1 घंटे जलेबी बिकी और बाद में पूरा दिन पकौड़े बिके। दुकानदार के मजे ही मजे। हरियाणा में जबकि कांग्रेस के 90 में से 60 सीटें जीतने का दावा धराशायी हो गया। हरियाणा में भाजपा 90 में से 47 से ज्यादा सीटों पर बढ़त के साथ बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हालांकि एग्जिट पोल के सभी अनुमान मंगलवार को विधानसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट आने के बाद धराशायी हो गए। हम सभी एग्जिट पोल्स ने, जिन्होंने मतदान के बाद हरियाणा में कांग्रेस को बहुमत मिलना बताया था। आठ में से एक भी एग्जिट पोल की भविष्यवाणी सच साबित नहीं हुई है। सभी एग्जिट पोल्स में भाजपा पार्टी को 20 से 30 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था, जबकि कांग्रेस को पूर्ण बहुमत दिया गया था। इस साल के लोकसभा चुनाव में अधिकांश एग्जिट पोल ने भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बंपर जीत की भविष्यवाणी की थी। साथ ही अनुमान लगाया था कि भाजपा अकेले अपने दम पर बहुमत के आंकड़े से कहीं ज्यादा सीटें जीतेगी जिसमें एनडीए को 361 से 401 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था। हालांकि, एग्जिट पोल के परिणाम गलत साबित हुए। एनडीए को 293 सीटें मिलीं और भाजपा के खाते में 240 सीटें आईं।

आज से बीस दिन पहले मैंने अनुमान लगाया था कि हरियाणा में बीजेपी 47 से ज्यादा सीटस लेगी और ये बिलकुल सच साबित हो रहा है। कारण बीजेपी ने हर वर्ग के लिए अपना शत प्रतिशत दिया। जनता को वो सब मिला जो जनता चाहती थी। कुछ कमियाँ थीं जो सैनी साहब ने आकर पूरी कर दीं। मुझे लगता है कि ये कमियाँ थोड़ा और पहले पूरी की होतीं तो बीजेपी और ज्यादा सीटों के साथ आती। खैर, विपक्ष भी जरूरी होता है लोकतंत्र में ताकि सत्ता की आंखें खुली रहें, वो धृतराष्ट्र न बन जाएँ। कांग्रेस ने दो दिन खूब खुशियाँ मनाई, किसने रोका था, मना भी लेनी चाहिए। लेकिन अतिआत्मविश्वास बहुत घातक होता है, जो कांग्रेस के सर चढ़कर बोला दो दिन। इनको क्या पता था कि बिस्मार्क को पटकनी देगी बीजेपी। शाह की चाल बड़ी शांत है, मगर विजेता जैसी है। कौटिल्य भी हरियाणा के परिणाम देखकर सोच रहे होंगे कि मैं क्या पढ़ना भूल गया। एग्जिट पोल ने जैसी हवा छोड़ी थी, वह बिलकुल उल्टा हुआ है। इसका मतलब मीडिया और उसकी एजेंसियाँ जनता के हित में काम क्यों नहीं कर रही या इनको केवल अपनी टीआरपी और विज्ञापनों से मतलब है। ये एक तरह से धंधा है, इनको ये सब अफवाह फैलाने का पैसा मिलता होगा। एग्जिट पोल वालों कभी तो सही पोल दिखाओ,कांग्रेस वालों को डर था कि लोकसभा वाले एग्जिट पोल की तरह ये भी झूठ ना हो और झूठा साबित हो गया। खुले आम सट्टा चल रहा है, क्या ये कानून सही है? अगर नहीं, तो एजेंसियाँ इनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करतीं? जात-पात की राजनीति अब चुनाव में जीत की गारंटी नहीं, चुनाव में राजनीतिक दलों ने जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए ही उम्मीदवार उतारे थे, मगर जाट और गैर जाट का फैक्टर ज्यादा काम नहीं कर पाया और मतदाताओं ने अच्छी छवि वाले दूसरी जातियों के प्रत्याशियों को भी चुनकर विधान सभा भेजा। मोदी लहर पर सवार भाजपा ने इसका पूरा लाभ उठाते हुए न केवल चुनाव में 48सीटें जीती, बल्कि विधानसभा चुनाव में भी सबसे ज्यादा सीटें हासिल करते हुए प्रदेश में सरकार बनाई है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का जिंदा रहना जरूरी है। ताकि सामाजिक मुद्दों पर सामाजिक न्याय सभी को मिल सके। साथ ही क्षेत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में तीव्रता आ सके। राजनीति सामाजिक बदलाव के आयामों पर होनी चाहिए।

जैसे नौकरी, व्यवसाय, रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा, इन सब पर कौन सी राजनीतिक पार्टी खरी उतरती है, ये भविष्य के गर्भ में चुनाव से सिद्ध होती है। चौधर के तो लात मार दी भाइयो हरियाणा की जनता नै.. 36 बिरादरी की सरकार बनेगी, हरियाणा ने सिद्ध कर दिया है कि अभी भी वहां की मिट्टी में कुरुक्षेत्र की भावना शेष है। हरियाणा की जनता की समझ की बदौलत भाजपा तीसरी बार आ चुकी है। हरियाणा के जनादेश ने देश को एक बड़ा संकेत दिया है, उसकी तरफ़ भी देश भर के लोगों को ध्यान देना चाहिए। हरियाणा में क्षेत्रीय पार्टियां पूरी तरह साफ़ हो गई हैं। हरियाणा ने फिलहाल क्षेत्रवाद और जातिवाद को नकार दिया है।जातिवाद को नकारने वालों को हृदय से प्रणाम।

## चिंतन

# शारीरिक गतिविधियां रखती हैं तन-मन को खुश

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में आठ में से एक व्यक्ति मेंटल डिसऑर्डर यानि मानसिक रूप से अस्वस्थता का शिकार है। आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में काम का दबाव और समय का प्रबंधन हम पर इस कदर हावी हो चुके हैं कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ा रहा है। बच्चे से बुजुर्ग तक मानसिक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है ताकि लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा सके। इस साल की थीम कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य रखा गया है। मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर समस्या के तौर पर देखी जाती है। आज के दौर में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरी हैं। एक बेहतर स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वस्थ मानसिकता अत्यंत आवश्यक है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है कि आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण गुड हार्मोन सेरोटोनिन का रिलीज कम हो जाता है, जो सीधे तौर पर मूड को ठीक रखने के लिए आवश्यक है। इसका हमारे शरीर पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे शरीर में लचीलापन बढ़ता है, रक्त प्रवाह बढ़ता है और इससे मूड सुधरने लगता है। इस स्थिति में आपमें सकारात्मक भावनाओं की कमी हो सकती है। हर दिन केवल 30 मिनट पैदल चलने से आपके मूड को बेहतर बनाने और आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। काम से समय निकाल कर हर दिन एक्सरसाइज करें। मन को शांत रखने के लिए योग बेहतरीन अभ्यास है। संतुलित आहार और भरपूर पानी पूरे दिन आपकी एनर्जी और फोकस में सुधार कर सकता है। कोल्ड ड्रिंक या कॉफी जैसे कैफीनयुक्त ड्रिंक्स का सेवन सीमित करें। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का समग्र उद्देश्य दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयास जुटाना है। यह दिन मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर काम करने वाले सभी हितधारकों को अपने काम के बारे में बात करने का अवसर प्रदान करता है, और दुनिया भर के लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को वास्तविकता बनाने के लिए और क्या करने की आवश्यकता है, इसके बारे में बात करने का अवसर प्रदान करता है।

इस दिन पूरी दुनिया में मानसिक बीमारी से जुड़े हुए विषय पर कई प्रकार के स्वास्थ्य संबंधित प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। जिसमें लोगों को किस प्रकार आप अपने आप को मानसिक रूप से स्वस्थ रखेंगे उसके बारे में डॉक्टर के द्वारा कई प्रकार के टिप्स और जानकारी उपलब्ध करवाए जाते हैं, ताकि आप उन टिप्स और जानकारी का अनुसरण कर अपने आप को मानसिक रूप से मजबूत बना सके। तनाव, चिंता और अवसाद या फिर किसी भी तरह की मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या मानसिक रोगों की श्रेणी में आता है। मानसिक रोगी की मनोदशा और स्वास्थ्य का असर उसके स्वभाव में देखने को मिलता है। ऐसा व्यक्ति अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाता है। एक सर्वे के मुताबिक देश के 59 फीसदी से अधिक लोगों को लगता है कि वह अवसाद की स्थिति से जूझ रहे हैं। लेकिन वह अपने परिवार व दोस्तों से इसका जिक्र नहीं करते हैं। क्योंकि कहीं ना कहीं आज भी मानसिक बीमारी हमारे देश एक वर्जित विषय के तौर पर देखा जाता है। मानसिक रोग के लक्षण लगातार उदास रहना मूड का बार-बार बदलना असामान्य बर्ताव करना अचानक से गुस्सा होना और अचानक से हंसना घबराहट या दर्द होना आदि।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनियाभर में 28 करोड़ से अधिक लोग डिप्रेशन के शिकार हैं। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सामाजिक टैबू के चलते इनमें से ज्यादातर लोगों का समय पर इलाज नहीं हो पाता है। भारत में 9,000 मनोचिकित्सक हैं या प्रति 100,000 लोगों पर एक। प्रति 100,000 लोगों पर मनोचिकित्सकों की आदर्श संख्या तीन है। परिणामस्वरूप, भारत में 18,000 मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी है। डब्ल्यूएचओ का यह भी अनुमान है कि लगभग 7.5 प्रतिशत भारतीयों को मानसिक बीमारी है और इस साल के अंत तक लगभग 20 प्रतिशत भारतीयों को मानसिक बीमारी होगी। आंकड़ों के मुताबिक, 56 मिलियन भारतीय अवसाद से पीड़ित हैं। अन्य 38 मिलियन लोग चिंता विकारों से पीड़ित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2012 से 2030 के बीच मानसिक स्वास्थ्य विकारों के कारण भारत को 1.03 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान होगा।

## नजरिया

# साझा प्रयासों से मिट सकेगी गरीबी

अमित बैजनाथ गर्ग
मोबाइल : 78770 70861

**जनसंख्या में तेज वृद्धि के कारण उपलब्ध संसाधनों पर दबाव पड़ता है और सतत विकास को प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप बेरोजगारी का उच्च स्तर और आवश्यक सेवाओं तक सीमित पहुंच उच्च गरीबी दर में योगदान देती है।**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में गरीबी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के दस साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकले हैं, जिससे उनके जीवन में सुधार आया है। पीएम मोदी के इस बयान के बाद भारत और दुनिया में गरीबी पर एक बार फिर चर्चा छिड़ गई है। असल में गरीबी और इसके कारणों को विस्तार से समझने की जरूरत है। इसके बाद ही गरीबी हटाने के उपायों को कारगर बनाया जा सकता है। भारत में गरीबी एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जो ऐतिहासिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक कारकों के संयोजन से प्रभावित है। साल 2023-24 में भारतीय राज्यों की जीडीपी के अनुसार, महाराष्ट्र सबसे धनी राज्य है। वहीं बिहार सबसे गरीब राज्य माना गया है।

नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में लगभग 24.82 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जो कि लगभग 13.88 करोड़ लोगों को गरीबी से निकालने का दावा करती है। रिपोर्ट पिछले नौ वर्षों में बहुआयामी गरीबी में 17.89 प्रतिशत की गिरावट की ओर इशारा करती है, क्योंकि इस स्थिति में रहने वाले लोगों की संख्या 2013-14 में 29.17 प्रतिशत थी और 2022-23 में 11.28 प्रतिशत (लगभग 15.5 करोड़ भारतीय) थी। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) गरीबी के स्तर और तीव्रता को मापने के लिए तीन व्यापक आयामों स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर का उपयोग करती है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने 100 से अधिक विकासशील देशों में गरीबी के स्तर को निर्धारित करने के लिए इस पद्धति का उपयोग किया है।

भारत ने अपने राष्ट्रीय एमपीआई में स्वास्थ्य और जीवन स्तर के आयामों के तहत दो नए पैरामीटर मातृ स्वास्थ्य और बैंक खाते जोड़े हैं। भारत में हर घर को इन 12 मापदंडों के आधार पर स्कोर दिया जाता है। अगर किसी घर का अभाव स्कोर 33 प्रतिशत से अधिक है, तो उसे बहुआयामी गरीब के रूप में पहचाना जाता है। नीति आयोग की रिपोर्ट बताती है कि भारत अपने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लक्ष्य 1.2 को प्राप्त करने की संभावना रखता है, जिसका लक्ष्य साल 2030 तक बहुआयामी गरीबी को आधा करना है। रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान और प्रधानमंत्री जन-धन योजना जैसे सरकारी कार्यक्रमों ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

वहीं फरवरी, 2024 में जारी भारतीय स्टेट बैंक के शोध के अनुसार, देश में गरीबी दर 2022-23 में 4.5-5 प्रतिशत तक गिर गई। घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर एसबीआई शोध ने इस गिरावट का श्रेय पिरामिड के निचले हिस्से के लिए शुरू किए गए सरकारी कार्यक्रमों को दिया है। घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण गरीबी 2011-12 में 25.7 प्रतिशत से घटकर 7.2 प्रतिशत हो गई और शहरी गरीबी एक दशक पहले से 4.6 प्रतिशत कम हो गई है। एसबीआई शोधकर्ताओं के अनुसार, नई गरीबी रेखा क्रमशः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए 1,622 रुपए और 1,929 रुपए थी। इन आंकड़ों की गणना सुरेश तेंदुलकर की अध्यक्षता वाले विशेषज्ञों के समूह की सिफारिशों के आधार पर की गई थी, जिन्होंने 2011-12 में गरीबी रेखा निर्धारित की थी।

साल 2023 के बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं, जो लगभग 389 मिलियन लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है तथा 6.85 डॉलर उच्च-मध्यम आय श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है। 3.65 डॉलर निर्धारित गरीबी रेखा पर विचार करते हुए भारत का योगदान वैश्विक गरीबी दर में मामूली वृद्धि के साथ 40 प्रतिशत के बराबर है, जो 23.6 प्रतिशत से बढ़कर 24.1 प्रतिशत हो गई है।

अगर ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर बात करें, तो भारत में ब्रिटिश आर्थिक नीति का भारतीय अर्थव्यवस्था पर गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ा, जो भारत में गरीबी की उच्च दर के पीछे प्रमुख कारणों में से एक था। कई विद्वानों ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत के आर्थिक शोषण या लूट पर चर्चा की है। वे विभिन्न तंत्रों की ओर इशारा करते हैं, जिनके माध्यम से भारत की संपत्ति निकाली गई, जिसमें भारी कराधान, भेदभावपूर्ण व्यापार नीतियां और संसाधनों की निकासी शामिल है। भारत में ब्रिटिश आर्थिक नीति के कड़े आलोचक दादाभाई नौरोजी ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के तहत भारत के वित्तीय शोषण को ड्रेन थ्योरी के माध्यम से समझाया था। नौरोजी के अनुसार, भारत में उत्पन्न आर्थिक अधिशेष ब्रिटेन भेज दिया गया, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था दरिद्र हो गई। इस ड्रेन ने विभिन्न रूप धारण किए, जिसमें ब्रिटेन को मुनाफा भेजना, भारत में ब्रिटिश अधिकारियों के लिए उच्च वेतन और ब्रिटेन से आयातित वस्तुओं तथा सेवाओं के लिए भुगतान शामिल है।

कई प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों और नेताओं ने देश में उच्च गरीबी दर के मूल कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने भारत में गरीबी से निपटने तथा आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए सामाजिक असमानताओं को दूर करने तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में निवेश करने के महत्व पर जोर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था प्राथमिक वस्तुओं के निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर है, जो औपनिवेशिक आर्थिक संरचना की विरासत है। यह अर्थव्यवस्था को बाहरी बाजार के उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील बनाती है। वहीं सामाजिक असमानताएं, जो अक्सर जाति व्यवस्था या जातीय विभाजन जैसे ऐतिहासिक कारकों के कारण और भी बढ़ जाती हैं, भारत में लगातार गरीबी का कारण बनती हैं। भेदभाव के कारण हाशिए पर पड़े समूहों के लिए शिक्षा, रोजगार और अन्य अवसरों तक पहुंच सीमित होती है।

वहीं जनसंख्या में तेज वृद्धि के कारण उपलब्ध संसाधनों पर दबाव पड़ता है और सतत विकास को प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप बेरोजगारी का उच्च स्तर और आवश्यक सेवाओं तक सीमित पहुंच होती है, जो भारत में उच्च गरीबी दर में योगदान देती है। गौरतलब है कि चीन की तरह भारत भी दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देशों में शुमार है। कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि भारत में गरीबी बढ़ाने वाले कारणों में व्यापार असंतुलन और ऋण बोझ सहित वैश्विक आर्थिक गतिशीलता भी शामिल है। शक्तिशाली देशों द्वारा लागू की गई व्यापार की प्रतिकूल शर्तें और आर्थिक नीतियां स्थानीय विकास प्रयासों में बाधा डालती हैं। इससे देश की आर्थिक व्यवस्था प्रभावित होती है, जो गरीबी बढ़ाने में सहायक साबित होती है। भारत में गरीबी के कारणों में उच्च जनसंख्या घनत्व, कम साक्षरता दर, अपर्याप्त बुनियादी ढांचा, अप्रभावी शासन और सीमित औद्योगिक विकास भी शामिल हैं। सरकार की ओर से गरीबी में सुधार का आकलन बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन शैली जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया है। इसमें बाल पोषण, मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, घर, संपत्ति और बैंक अकाउंट जैसे तथ्य भी शामिल किए गए हैं। निश्चित तौर पर हर सरकार में गरीबी हटाने के लिए काम किया जाता रहा है। चाहे मनमोहन सिंह की सरकार हो या फिर नरेंद्र मोदी की, देश ने लोगों को गरीबी से निकालने और उनका जीवन स्तर बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि इन प्रयासों को पूरी तरह सफल नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अभी बहुत बड़े स्तर पर काम करने की जरूरत है। इसके लिए सरकार के साथ सामाजिक संस्थाएं, एनजीओ और यहां तक कि आम आदमी को भी अपने स्तर पर गरीबी हटाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। ऐसा करने के बाद ही हम देश से गरीबी का पूरी तरह खात्मा कर सकेंगे और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# पूरे समर्पण भाव से देश सेवा की : चंद्रचूड़



नई दिल्ली/भाषा। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ अगले महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उनका कहना है कि उन्होंने इस 'भय और चिंता' के बीच पूरे समर्पण के साथ देश की सेवा की है कि इतिहास उनके कार्यकाल का कैसे मूल्यांकन करेगा।

भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश का दो साल का कार्यकाल 10 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''मैं खुद को इन सवालों पर विचार करते हुए पाता हूं कि क्या मैंने वह सब हासिल किया जो मैंने लक्ष्य रखा था? इतिहास मेरे कार्यकाल का कैसे मूल्यांकन करेगा? क्या मैं कुछ अलग कर सकता था? मैं न्यायाधीशों और कानूनी पेशेवरों की भावी पीढ़ियों के लिए क्या विरासत छोड़ जाऊंगा?''

प्रधान न्यायाधीश ने भूटान में 'जिग्मे सिंग्ये वांगचुक स्कूल ऑफ लॉ' के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''इनमें से ज्यादातर सवालों के जवाब मेरे नियंत्रण से बाहर हैं और शायद, मैं इनमें से कुछ सवालों के जवाब कभी नहीं पा सकूंगा। हालांकि, मैं जानता हूं कि पिछले दो साल में, मैं हर सुबह इस प्रतिबद्धता के साथ जागा हूं कि मैं अपना काम पूर्ण समर्पण भाव से करूंगा और इस संतुष्टि के साथ सोता हूं कि मैंने अपने देश की पूरी लगन से सेवा की है।''प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे समय में 'कमजोर' पड़ने के लिए खेद जताया, जब वह पद छोड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वह भविष्य और अतीत की डर और चिंताओं से 'बहुत अधिक चिंतित' हैं। उन्होंने कहा, ''जब आप अपनी यात्रा की जटिलताओं से निपट रहे हों, तो एक कदम पीछे हटने, पुनर्मूल्यांकन करने और खुद से पूछने से न डरें कि ''क्या मैं किसी मंजिल की ओर दौड़ रहा हूं, या मैं खुद की ओर दौड़ रहा हूं? अंतर सूक्ष्म है, फिर भी गहरा है। आखिरकार, दुनिया को ऐसे नेताओं की जरूरत है जो सिर्फ महत्वाकांक्षा से नहीं बल्कि उद्देश्य से प्रेरित हों।''

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब किसी को अपनी क्षमताओं और मंशाओं में विश्वास की भावना होती है तो उसके लिए परिणामों के बारे में अधिक चिंता करना छोड़ देना तथा उन परिणामों की ओर जाने वाली प्रक्रिया और यात्रा को महत्व देना आसान हो जाता है।

उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ सालों में मैंने इस बात को महसूस किया है कि हमारे समाज के लिए योगदान की हमारी क्षमता की जड़ें हमारे आत्म-बोध में और आत्म-कल्याण की क्षमता में निहित हैं।'

## दशहरा महोत्सव





बेंगलूरु के सिटी मार्केट में दशहरा महोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। जगह जगह पर फूल, फल और केले के पत्ते आदि मिल रहे हैं। 10 से 12 अक्टूबर तक तीन दिवसीय दुर्गा पूजा और दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा। बड़ी संख्या में लोग अपने अपने घरों और वाहनों की पूजा में लगने वाला बूदकुम्मळेकाई लेते दिख रहे हैं।

## दर्शन



भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून बुधवार को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने पहुंचे।

# ब्रिटेन के नीलामी गृह ने विरोध के बीच 'नगा मानव खोपड़ी' की बिक्री रोकी

लंदन/भाषा। ब्रिटेन के एक नीलामी गृह ने बुधवार को अपने 'नगा मानव खोपड़ी' को अपने 'लाइव ऑनलाइन बिक्री' की सूची से हटा लिया है। नीलामी गृह ने इस मुद्दे पर भारत के विरोध के बाद यह कदम उठाया।

ऑक्सफोर्डशायर के टेस्टसवर्थ में स्वॉन नीलामी गृह के पास उसके 'द क्यूरियस कलेक्टर सेल, एंटीक्वेरियन बुक्स, मैनुस्क्रिप्ट्स एंड पेंटिंग्स' के तहत दुनियाभर से प्राप्त खोपड़ियों और अन्य अवशेषों का संग्रह है।

'19वीं शताब्दी की सींग युक्त नगा मानव मानव खोपड़ी, नगा जनजाति' को बिक्री के लिए सूची में लॉट नंबर 64 पर रखा गया था। इसकी बिक्री को लेकर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने विरोध जताया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस बिक्री को रोकने में दखल की मांग की थी।

रियो ने अपने पत्र में लिखा, ''ब्रिटेन में नगा मानव खोपड़ी की नीलामी के प्रस्ताव की खबर ने सभी वर्ग के लोगों पर नकरात्मक असर डाला है क्योंकि हमारे लोगों के लिए यह बेहद भावनात्मक और पवित्र मामला है। दिवंगत लोगों के अवशेषों को सर्वोच्च सम्मान और आदर देने की हमारे लोगों की पारंपरिक प्रथा रही है।'' फोरम फॉर नगा रिकॉन्सिलीएशन (एफएनआर) द्वारा इस मामले को लेकर चिंता जताने के बाद रियो ने विदेश मंत्री से यह मामला लंदन में भारतीय उच्चायोग के समक्ष उठाने का अनुरोध किया ताकि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया जा सके कि खोपड़ी की नीलामी रोकी जा सके।

नीलामी सूची में नगा मानव खोपड़ी की तस्वीर के नीचे लिखा था, ''यह कृति मानवशास्त्र और जनजातीय संस्कृतियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले संग्रहकर्ताओं के लिए विशेष रुचिकर होगी''। नीलामी के लिए शुरुआती राशि 2,100 जीबीपी (ग्रेट ब्रिटिश पाउंड) (करीब 2.30 लाख रुपए) रखी गई थी और नीलामीकर्ताओं को इसके 4,000 जीबीपी (करीब 43 लाख रुपए) में बिकने की उम्मीद थी।

इसका उत्पत्ति के बारे में 19वीं शताब्दी के बेल्जियम के वास्तुकार फ्रेंकोइस कोपेन्स के संग्रह से पता चलता है। एफएनआर ने जोर देकर कहा कि मानव अवशेषों की नीलामी संयुक्त राष्ट्र द्वारा जातीय मूल के लोगों के अधिकारों की घोषणा (यूएनडीआरआईपी) के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है, जिसमें कहा गया है, ''जातीय मूल के लोगों को अपनी संस्कृतियों, परंपराओं, इतिहास और आकांक्षाओं की गरिमा और विविधता को बनाए रखने का अधिकार है, जिसे शिक्षा और सार्वजनिक सूचना में उचित रूप से प्रतिबिंबित किया जाना चाहिए।'' इसके बाद एफएनआर ने नीलामी घर से सीधे संपर्क कर बिक्री की निंदा की और वस्तु को नगालैंड वापस भेजने की मांग की। यह संगठन दुनिया भर के कई जातीय मूल के समूहों में से एक है। संगठन वर्तमान में ऑक्सफोर्ड में पिट रिवर्स संग्रहालय के संग्रह में रखी कलाकृतियों के बारे में उसके साथ बातचीत कर रहा है।

# यूरोपीय संघ का कार्बन कर एकतरफा और मनमाना, भारत का निर्यात होगा प्रभावित : निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली/भाषा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय संघ का आयातित वस्तुओं पर कार्बन सीमा समायोजन तंत्र यानी सीबीएएम लगाने का प्रस्ताव एकतरफा एवं मनमाना है जिससे भारत के निर्यात को नुकसान होगा।

सीबीएएम एक शुल्क है जो यूरोपीय संघ (ईयू) में आयात की जाने वाली कार्बन सघन वस्तुओं पर लागू होगा। यूरोपीय संघ ने एक जनवरी, 2026 से इस्पात, सीमेंट और उर्वरक सहित सात कार्बन-सघन क्षेत्रों पर कार्बन कर (सीबीएएम) लगाने का फैसला किया है। इंजीनियरिंग सामान भी इस आयात शुल्क के दायरे में आएंगे। सीतारमण ने 'फाइनेंशियल टाइम्स' के ऊर्जा संक्रमण शिखर सम्मेलन में कहा कि यह यूरोपीय संघ की तरफ से लगाया जाने वाला एक सीमा कर है, और इस तरह के कदम से व्यापार बाधा पैदा होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने यूरोपीय संघ के सामने इस मुद्दे पर कई बार अपनी चिंता जताई है, और सरकार लेन-देन की लागत कम करने के तरीकों पर भी विचार कर रही है।

यूरोपीय संघ के इस निर्णय से भारतीय निर्यातकों का मुनाफा प्रभावित हो सकता है, क्योंकि यूरोप उनके शीर्ष निर्यात गंतव्यों में शामिल है। यूरोपीय संघ के साथ भारत का कुल व्यापार 2023-24 में 137.41 अरब अमेरिकी डॉलर था, जिसमें आयात 61.48 अरब डॉलर तथा निर्यात 75.93 अरब डॉलर था। इसके साथ ही सीतारमण ने कहा कि इस बात की संभावना कम है कि सीबीएएम को लेकर भारत का विरोध यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने में बाधा बनेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

# नीना गुप्ता की वेबसीरीज '1000 बेबीज' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड की जानीमानी चरित्र अभिनेत्री नीना गुप्ता की वेबसीरीज '1000 बेबीज' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नजीम कोया के निर्देशन में बनी वेबसीरीज 1000 का ट्रेलर एक वैज्ञानिक प्रयोगशाला के दृश्यों से शुरू होता है। बाद में, नीना गुप्ता द्वारा अभिनीत एक रहस्यमयी बुजुर्ग महिला और रहमान द्वारा अभिनीत जांच अधिकारी को ट्रेलर में पेश किया जाता है।

महिला, जिसका नाम सारा है, अक्सर अपने विचारों को नोट करने के लिए अपने टाइपराइटर का उपयोग करती हुई दिखाई देती है, क्योंकि वह अपने अतीत को याद करती है। बाद में, रहमान का किरदार मर्लिन नाम की एक महिला से बिबिन नाम के एक एकांतप्रिय व्यक्ति के बारे में बात करता है, जो उसे पत्र भेजा करता था। नीना गुप्ता स्टारर 1000 बेबीज एक मलयालम सीरीज है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 18 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी।

यह मलयालम भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली और मराठी भाषाओं में रिलीज की जाएगी। 1000 बेबीज में नीना गुप्ता के साथ रहमान, संजू शिवराम, अश्विन कुमार, आदिल इब्राहिम, शाजू श्रीधर, इरशाद अली, जॉय मैथ्यू अहम किरदारों में नजर आएंगे। सीरीज की कहानी नजीम और अरूज इरफान ने लिखी है।

# 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' में नजर आएंगे रणबीर और नीतू कपूर

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर और उनकी मां, दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर, जल्द ही अपनी बहन रिद्धिमा कपूर को सपोर्ट करते नजर आएंगे। रिद्धिमा नेटफ्लिक्स के शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में पहली बार अपने जीवन को सार्वजनिक करने जा रही हैं। बुधवार को नेटफ्लिक्स ने इस शो का ट्रेलर रिलीज किया, जिसमें दिखाया गया कि इस बार मुकाबला होगा ओरिजिनल बॉलीवुड वाइव्स और तीन नए चेहरों के बीच शालिनी पासी, कल्याणी साहा और रिद्धिमा। ट्रेलर के कैप्शन में लिखा था: मुंबई से दिल्ली का जबरदस्त टकराव इस बार, 'फैबुलस लाइव्स बनाम बॉलीवुड वाइव्स', आ रहा है 18 अक्टूबर को, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर! ट्रेलर में रणबीर कपूर कुछ समय के लिए दिखाई देते हैं और मजाक में अपनी बहन रिद्धिमा को कहते हैं, ये इसे पूरी तरह से गड़बड़ कर देगी।

शो के पहली सीजन से जुड़ी नीलम कोठारी ने रिद्धिमा को छोटा पैकेट बड़ा धमाका कहकर तारीफ की। ट्रेलर में ढेर सारा हंगामा, ड्रामा, आतिशबाजी और मुंबई की वाइव्स और दिल्ली की सोशलाइट्स के बीच शानदार टकराव दिखाया गया है। इसके साथ ही शो में गौरी खान, करण जौहर, ओर्री, खुशी कपूर, शनाया कपूर, अनन्या पांडे और एकता कपूर भी दिखाई देंगे। ट्रेलर में नीतू और रिद्धिमा के बीच एक दिली बातचीत भी दिखती है, जिसमें वे ऋषि कपूर के निधन के बाद की जिंदगी के बारे में बात कर रहे हैं। नीतू कहती हैं, पापा के बाद, रिद्धिमा, मैं कांपने लगी थी। रिद्धिमा जवाब में कहती हैं, हम अपनी भावनाएं जाहिर नहीं करते, लेकिन अंदर से हम अब भी दुखी हैं।

फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का पहली सीजन 2020 में आया था। इस शो में नीलम कोठारी, महीप कपूर, भावना पांडे और सीमा किरण सजदेह की निजी और पेशेवर जिंदगी दिखाई गई है। इसका दूसरा सीजन सितंबर 2022 में रिलीज हुआ था। इस नए सीजन में इनके पतियों का भी आना होगा। चंकी पांडे, समीर सोनी और संजय कपूर भी इस शो का हिस्सा होंगे, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।



# फिल्म 'अबीर गुलाल' की शूटिंग लंदन में शुरू

मुंबई/एजेन्सी

पाकिस्तानी स्टार फवाद खान और भारतीय अभिनेत्री वाणी कपूर फिलहाल लंदन में अपनी अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'अबीर गुलाल' की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 29 सितंबर को लंदन के सुरम्य में शुरू हुई है। इसकी घोषणा प्रोडक्शन हाउस इंडियन स्टोरीज़ द्वारा की गई। फिल्म की निर्देशक आरती एस बागड़ी ने कहा कि यह फिल्म प्यार के बारे में है। बागड़ी ने कहा फिल्म दो व्यक्तियों की यात्रा पर आधारित है जिसमें अनजाने में दोनों एक-दूसरे की मदद करते हैं। इस दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। विवेक बी अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी द्वारा निर्मित यह प्रोजेक्ट भरपूर मनोरंजन का वादा करती है। निर्माताओं ने कहा, फवाद का एक बड़ा प्रशंसक वर्ग है। हम उम्मीद करते हैं कि उनके प्रशंसक इस फिल्म को पूरे दिल से पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि फवाद और वाणी के बीच की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आएगी। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर और नवंबर में यूके में की जाएगी। फिल्म निर्माता ने कहा है कि एक प्रमुख बॉलीवुड संगीतकार ने इस फिल्म के लिए गाने के 6 ट्रैक बनाए हैं। पाकिस्तान के सबसे बड़े सितारों में से एक फवाद ने शशांक घोष की रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म खूबसूरत में सोनम कपूर के साथ साल 2014 में हिंदी सिनेमा के पर्दे पर डेब्यू किया था। यह फिल्म 1980 में बनी इसी टाइटल की फिल्म की कहानी पर आधारित थी। इसमें किरण खेर, रत्ना पाठक शाह और आमिर रज़ा हुसैन जैसे नाम भी शामिल थे। इसके बाद उन्हें शकुन बत्रा की 2016 की पारिवारिक ड्रामा कपूर एंड संस में आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा ङ्घङ्घके साथ स्क्रीन साझा करते देखा गया। बॉलीवुड में उनकी आखिरी बड़ी फिल्म करण जौहर की ऐ दिल है मुश्किल थी, जिसमें वह रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा के साथ नजर आए थे। वहीं वाणी को आखिरी बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म खेल खेल में में देखा गया था।

# नई प्रतिभाएं कभी हिम्मत न हारें, सपना देखना बंद नहीं करें : मिथुन चक्रवर्ती

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा है कि नयी प्रतिभाओं को कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिये और सपना देखना बंद नहीं करना चाहिये। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें सम्मानित किया है। मिथुन चक्रवर्ती ने दादा साहब फाल्के अवॉर्ड जीतने पर खुशी जाहिर की है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, फिल्म मृगया के लिये पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बाद लोगों से मुझे खूब बधाइयां मिली, जिसके बाद मेरा दिमाग थोड़ा सा खराब होने लगा था।मुंबई में एक स्क्रीनिंग रखी गई थी, जिसमें कहा गया था कि मृगया यदि अच्छी लगी तो उसका वितरण किया जाएगा। इसके बाद जब उन्होंने स्क्रीनिंग के आयोजक से फिल्म के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि फिल्म तो अच्छी लगी, लेकिन मैं सोच रहा हूं कि तुम कपड़ों में कैसे दिखोगे।उनकी बात सुनकर मैं चौंक गया। इसके बाद मुझे याद आया कि मृगया में मैंने जो किरदार निभाया है उसने ऊपर कपड़े नहीं पहने थे। मैं खुद को अल-पचीनो समझने लगा था, फिर मुझे एक लात पड़ी, तो अकल आई। मेरे रंग की वजह से मुझे कुछ सुनने को मिला। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा,कहा जाता था कि ये बॉलीवुड में ये काला रंग नहीं चलेगा। मैं सोचता था कि करूं क्या, मैं भगवान से कहता था कि हे भगवान इस रंग का क्या करूं, ये तो बदल नहीं कर सकता, तो मैंने सोचा मैं पैरों से डांस करूंगा, मैं ऐसा डांस किया पैरों से, इतना थिरका कि लोगों का ध्यान मेरे पैरों पर गया ही नहीं।



# 'वागले की दुनिया' में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी गुलकी जोशी

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री गुलकी जोशी सोनी सब के शो 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नए किस्से' में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आयेंगी। गुलकी जोशी वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नए किस्से' में पुलिस ऑफिसर हसीना मलिक के किरदार में नजर आयेंगी। गुलकी जोशी ने कहा, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर वागले की दुनिया परिवार में शामिल हो रही हूं। एक ऐसी कहानी सामने ला रही हूं जो काफी प्रासंगिक है। हसीना मलिक हमेशा न्याय के लिए खड़ी रही हैं, और यह सिर्फ एक मामले को सुलझाने के बारे में नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि न्याय मिले, चाहे अपराधी कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों। साथ ही हमारे आसपास हो रहे ऐसे कई मामलों के खिलाफ जागरूकता पैदा करना भी इसका उद्देश्य है। मैं इस महत्वपूर्ण कहानी का हिस्सा बनकर आभारी हूं, जो इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे एक एकजुट समुदाय वास्तव में बदलाव ला सकता है। राजेश वागले की भूमिका निभाने वाले सुमित राघवन ने कहा, यह ट्रैक वास्तव में वागले की दुनिया के उद्देश्य को दर्शाता है, जो सामाजिक मुद्दों को ईमानदारी और दिल से संबोधित करने का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यह एक भावनात्मक और गहन कहानी है जो इंसाफ के लिए समुदाय के एकजुट होने की शक्ति को सामने लाती है। वागले की दुनिया में हसीना मलिक के रूप में गुलकी का होना एक अद्भुत अनुभव है। उनके किरदार को न केवल प्रशंसक पसंद करते हैं, बल्कि वह न्याय की एक मजबूत स्तंभ भी हैं। हमें उम्मीद है कि यह कहानी बदलाव को प्रेरित करेगी और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों से निपटने के मामले में बदलाव लाएगी। वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से सोमवार से शनिवार रात 9 बजे सोनी सब पर प्रसारित होता है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नाइस रोड कार्यालय के निकट स्थित राष्ट्रोथान विद्या केंद्र में संचालित व्यक्तित्व विकास शिविर मुख्य वक्ता के रुप में मारुति मेडिकल के प्रमुख महेन्द्र मुणोत उपस्थित हुए।



# स्टाइल का सेलिब्रेशनः हाई लाइफ प्रदर्शनी का छाया जलवा

## आगाज के साथ ही शॉपिंग के लिए उमड़े लोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। फैशन, स्टाइल, डेकोर और लग्जरी के लिए मशहूर 'हाई लाइफ' प्रदर्शनी का जलवा छाया हुआ है। यह 8 अक्टूबर से शुरू हुई थी और 10 अक्टूबर तक जारी रहेगी। द ललित अशोक में इसके आगाज के साथ ही लोग शॉपिंग के लिए उमड़ रहे हैं। इसका समय सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक है। आयोजकों ने कहा कि स्टाइल के सेलिब्रेशन में भाग लें। यहां शरारा, लहंगा, अनारकली, ट्यूनिक्स और जैकेट समेत कई चीजें त्योहारी सीज़न को खास बना देंगी। उन्होंने बताया कि लोग नए सीज़न की शुरुआत अपने पसंदीदा फैशन शोकेस के साथ कर रहे हैं। हाई लाइफ़ प्रदर्शनी नया फैशन कलेक्शन लेकर आई है। यहां डिजाइनर परिधान, आभूषण, दुल्हन के परिधान, फैशन के सामान आदि की एक नई रेंज उपलब्ध है, जिससे लोग अपने लुक को स्टाइलिश बना रहे हैं।

इसके अलावा यहां ब्राइडल, गोल्ड, फुट वियर, बेड लिनन, नेल आर्ट, लहंगा, डायमंड, बैग और क्लच, फर्निशिंग, स्किन केयर, कस्टम मेड, सिल्वर, कमर बेल्ट, रग्स एंड कार्पेट, फेस केयर, कीमती स्टोन्स, हेयर एक्सेसरीज, फर्नीचर, बालों की देखभाल, डिजाइनर सूट, मिट्टी के बर्तन, हाथ से बने साबुन, पोशाक, पेंटिंग, सुगंध संग्रह, भित्ति चित्र, डिजाइनर साड़ी, मास्क, ब्लाउज, फॉर्मल वियर, ऑफिस वियर, दीया, कैजुअल, कैंडल्स, सेमी कैजुअल, स्टेशनरी, लाउंज, ट्राउसेउ पैकिंग, पार्टी वियर, गिफ्टिंग, मेन्स एथनिक वियर, किड्स वियर, शॉल और स्टोल आदि उपलब्ध हैं।



# नवदुर्गा पूजा महोत्सव में आयोजित रुद्राभिषेक में उमड़े श्रद्धालु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के बागलूरु रोड कट्टगनहल्ली ग्राम स्थित रेवा कॉलेज के सामने में नवदुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में चल रहे सामूहिक दशहरा महोत्सव में बुधवार को पूजा मंडप में पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से शिव अभिषेक किया तथा पूजा अनुष्ठान में भाग लिया। इस मौके पर वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष एनएन ठाकुर, अध्यक्ष कमलेशकुमार, उपाध्यक्ष एसपी राणा, मंत्री अनिलकुमार, सहमंत्री गणपत ठाकुर, कोषाध्यक्ष कुमार शानू, सहकोषाध्यक्ष मनोजकुमार, संयोजन बीके सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस पूजा महोत्सव में गुरुवार को महासप्तमी के मौके पर सुबह बीलतोरी, देवी प्राण प्रतिष्ठा, नेत्र मिलन, पूजा आरती होगी तथा शाम को डांडिया व जागरण का आयोजन किया गया है।



# भारत राष्ट्र का स्वाभिमान है आरएसएस : महेन्द्र मुणोत

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नाइस रोड कार्यालय के निकट स्थित राष्ट्रोथान विद्या केंद्र में संचालित व्यक्तित्व विकास शिविर मुख्य वक्ता के रुप में मारुति मेडिकल के प्रमुख महेन्द्र मुणोत उपस्थित हुए। महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित इस शिविर में युवाओं को अच्छे संस्कारों से पोषित कर उनके व्यक्तित्व विकास के साथ उनमे राष्ट्रीयता के भाव को जगाने का प्रयास सराहनीय है। आरएसएस राष्ट्र का स्वाभिमान है। हमें अपने जीवन में राष्ट्रभक्ति, संस्कार व आदर भाव के गुणों को ग्रहण करना चाहिए तभी हम सही मायने में भारत माता के सपूत होंगे। इस अवसर पर हरीश, चंद्रशेखर, गुरु गणेश आदि उपस्थित थे।

# नवरात्रि के अवसर पर 151 कन्याओं को भोजन करवाया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के माहेश्वरी महिला संगठन ने नवरात्रि के अवसर पर 151 कन्याओं को भोजन करवाकर उन्हें स्कूल टिफ़िन बोक्स, मग, फल और दक्षिणा दी। कन्या भोज इस कार्यक्रम ने श्वेता बियाणी, कान्ता काबरा, पुष्पा सारड़ा, कृष्णा डागा , चन्द्रकला राठी, गायत्री मालपानी, बिमला चांडक, रचना लड्ढा, श्यामा भूतड़ा, सरला लढ़ा, सरला भूतड़ा, कंचन सारड़ा, भानुश्री धूत, पुष्पा जाजू , श्रीकान्ता मोदानी, पुष्पा राठी ने मिलकर कन्याओं को भोजन करवाया।





# मायुमं जागृति शाखा ने आयोजित की माता की चौकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मारवाड़ी युवा मंच की महिला शाखा 'जागृति शाखा' ने नवरात्रि के मौके पर जेसी रोड के एक निजी सभागार में माता की चौकी का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजिका ज्योति पोद्दार, अंशु गोयल ने बताया कि माता के भक्तों के सहयोग से मां का भव्य श्रृंगार, छप्पन भोग, भजन कीर्तन, कन्या पूजन, डांडिया, गरबा, महाआरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। अमृत, वर्षा, रेखा सेठी एवं टीम ने माता की चौकी में माता की भेटों की प्रस्तुति दी और भजनों के माध्यम से भक्ति की रसधार बहाई। शाखा अध्यक्षा अवनी सराफ ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में गरबा एवं डांडिया का आयोजन किया गया। शाखा सचिव ऋतु सिंगल ने बताया कि इस मौके पर मां दुर्गा की विशेष झांकी सजाई गई तथा ज्योत प्रज्वलित की गई।

इस आयोजन में जागृति की सदस्याओं का योगदान रहा तथा कर्नाटक प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष नितेश टिबड़ेवाल, प्रांतीय महामंत्री मोहित शर्मा सहित विभिन्न सभा शाखाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित हुए।



# सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद के दुर्गा महोत्सव में विधि विधान से हुआ बिल्व आमंत्रण

## मां भगवती का लोचन विलोचन व प्रतिष्ठापना आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय आरटी नगर स्थित सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद के विनायक कल्चरल सेन्टर में चल रहा दुर्गा पूजा महोत्सव में बुधवार को षष्ठी के मौके पर मां कात्यायनी पूजा के अंतर्गत बेल अभिमंत्रित किया गया। ज्ञातव्य है कि बिल्वा आमंत्रण में जोड़ा बेल को ही अभिमंत्रित किया जाता है। यह पूजा सायंकाल में ही होती है एवं सूरज उदय से पहले उस जोड़ा बेल को मां भगवती के चरणों में लाकर रखा जाता है। यह धर्म के साथ-साथ प्रकृति की भी पूजा है। इस वर्ष के पूजा अध्यक्ष उदयकुमारने बेल अभिमंत्रण किया एवं आचार्य पंडित रामानंद चौधरी, आचार्य विनोद झा, पंडित राजगुरु, पं जयशंकर मिश्र, पं उमेश पांडे, पं सोनू पांडे, एवं पं राहुल पांडे ने मिलकर वैदिक मंत्र कर द्वारा पूजा संपन्न कराई। इस संध्या में महिला मंडल द्वारा डांडिया एवं सखी महिलाओं द्वारा विभिन्न तरह के पर्व त्योहारों की झांकियां दिखाई गई। महिलाओं का कार्यक्रम मनमोहक एवं ज्ञानवर्धक था। इस मौके पर भागवत कथा वाचक नटवर नारायणदासजी महाराज ने भागवत कथा पर प्रवचन दिए।

गुरुवार को दुर्गा पूजा मंडप में सुबह 7.15 बजे से मां भगवती का लोचन विलोचन व प्रतिष्ठापना की जाएगी। रात्रि में आरती व पुष्पांजलि तथा मध्य रात्रि में निशापूजा व हवन होगा।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## दोहे



महारानी अहिल्याबाई होलकर

### अहिल्या बाई होलकर पर नौ दोहे

- मनको जी की लाड़ली, इकलौती सन्तान।
आभा उसकी देखकर, रखा अहिल्या नाम।

- सास,ससुर,पतिदेव का, जीत लिया विश्वास।
अपने शासन काल का, लिखा नया इतिहास।

- पर्वत सी दृढ़ता रही, तोड़ सभी जंजीर।
संकट से लड़ती रही, देख पराई पीर।

- रण में उसकी वीरता, देख चकित थे लोग।
साहस,कौशल ,धैर्य का, अद्भुत था संयोग।

- साक्षरता की बात हो, या विधवा सम्मान।
हुआ था शुरू उस समय, नारी का उत्थान।

- थी जनता की सेविका, महादेव की भक्त।
ताज़ मालवा का पहन, डिगने दिया न तख़्त।

- उसके जीवन का सबक, है गौरव की बात।
मात अहिल्या दे गई, जो हमको सौगात।

- सबकी खातिर उम्रभर, खूब किया संघर्ष।
जग की खातिर कर गई, संस्थापित आदर्श।

- जीवनभर करती रही, सामाजिक कल्याण।
पड़ जाएंगे शब्द कम, करने में गुणगान।

माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'
मो.9424141875



# देवी मुख मंडल दर्शन से वैशाली जनकल्याण दुर्गा पूजा में दिखा विशेष उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्री वैशाली जनकल्याण दुर्गा पूजा समिति की ओर से बीटीएम लेआउट में विराजित दुर्गा पूजा पांडाल में बुधवार को दुर्गा महासप्तमी पूजा, देवी मुख मंडल दर्शन, मंगला आरती,पुष्पांजलि पंडित अमित तिवारी के सान्निध्य में पूजा की व्यवस्था अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, सचिव मुकेशकुमार सिंह, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष धीरेंद्रसिंह ,एके गुप्ता, निशांत द्विवेदी, सुरेश विश्वकर्मा आदि सदस्यों ने की। देवी मुख मंडल के दर्शन के साथ ही श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा के जयकारे लगाए और सभागार को भक्ति से सराबोर कर दिया। इस मौके पर बिहार से आए भजन गायकों ने एक से एक बढ़कर मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भक्तों ने भी कतारबद्ध होकर दुर्गा मां के मुख के आलौकिक दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



# 'कर्म करते समय सावधान रहें'

## हनुमंतनगर में नवपद ओली आराधना प्रारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्त्वावधान में बुधवार से प्रारंभ नवपद ओली तप मंगल साधना के अवसर पर धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीपाल चारित्र का श्रवण कराते हुए साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने कहा कि आज सिद्धचक्र की नवपद आयम्बिल की नवदिवसीय ओली साधना का प्रथम दिवस हैं। इस नवपद ओली साधना में प्रथम दिवस नवकार महामंत्र के प्रथम श्री अरिहंत पद की साधना की जाती हैं। नवकार महामंत्र की महिमा अपरम्पार हैं। नवकार महामंत्र चौदह पूर्वी का सार है। उन्होंने श्रीपाल चारित्र की कथा-वस्तु पर प्रकाश डाला। कर्मों की मार से कोई नहीं बच पाया है। किए हुए शुभ-अशुभ कर्मो को भोगे बिना जीव की इस असार संसार से मुक्ति नहीं मिलती है।

प्रारंभ में साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने गतिमान सत्ताईस दिवसीय श्रीमद उत्तराध्ययन सूत्र आराधना में चौथे दिन सूत्र में कहा कि तीर्थकर परमात्मा के निर्वाण-मोक्ष पद प्राप्त कर लेने के पश्चात वर्तमान में उनकी वाणी ही आगम रूप में हमारे लिए एक प्रमुख आलम्बन और पथ-प्रदर्शक है। यह जिनवाणी हमारा कल्याण करने वाली और भव्य जीवों का मुक्ति पद की प्राप्ति में एक प्रकाश- स्तम्भ के रूप में सहज, सरल रूप से उनका मार्ग प्रशस्त करती है। परंपराएं समय-समय पर देश-काल-परिस्थिति के अनुसार परिवर्तित होती रहती है। लेकिन जिनके अन्दर सर्वज्ञ-सर्वदर्शी तीर्थकर परमात्मा की वाणी का अमृत कोष हो, ऐसे जीने के अन्दर पूर्ण सम्यक्ज्ञान का प्रमाण हो उसे आगम कहते है। जब तीर्थकर परमात्मा को केवलज्ञान होता है तब आगमों का उद्भव होता है। अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संघ मंत्री सुरेश धोका ने किया।

# अपने दुर्गुणों पर विजय पाना ही सच्ची विजय है : विनयमुनि

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। यहां गणेश बाग शिवाजीनगर में विराजित श्री शिविराचार्य विनयमुनिजी खींचन ने 'निरयावलिका सूत्र की प्रवचन माला' की विवेचना करते हुए कहा कि भगवान महावीर की अन्तिम देशना का सार सूत्रों में भरा है। अष्ट प्रवचन माता को संसार की माताओं से भी ऊपर बताया गया है। शरीर का निर्माण तथा उसकी संगोपन-सारणा सभी जन्मदात्री माताऐं करती है। दुनिया के सभी उत्तमपुरुषों ने माता को प्रथम गुरु तुल्य दर्जा दिया है। ये कला अष्ट प्रवचन माता सिखाती है। अहिंसां की नींव पर प्रथम-चलना सीखे, विवेक से सत्य मधुर अहिंसामय भाषा बोलें। उतना ही शरीर पोषण हेतु आहारादि लें जो शुद्ध शाकाहारमय हो। भण्डार भरने की भावना न रखें। व्यवहारिक उपयोग में आने वाले सभी अहिसंक साधनों को विवेक से रखना चाहिए। जैन धर्म यतना(अहिंसा) को धर्म की माता मानता है । मुंह से जय बोलने की बजाय जिसकी जय बोल रहे है उनके उत्तम गुणों को आत्मा में स्थान देना ही सच्ची जय है। अपने दुर्गुणों पर विजय पाना ही सच्ची विजय है। शरीर की अशुचि को गंदगी नहीं फैलाना ये पांच समिति है। अष्ट प्रवचन माता के पिछले तीन भेदों में मन गुप्ति अर्थात मन को अशुभ में नहीं जाने देना, वचन और काया की अशुभ प्रवृतियाँ में आत्माको नहीं जाने देना, अष्ट प्रवचन प्रवचन माता में सबसे कठिन तीन गुप्ति को धारण करना। संघ प्रवक्ता राजू सकलेचा ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री संपतराज मांडोत ने आभार व्यक्त किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

श्री वैशाली जन कल्याण समिति (पंजी.)
21वां क्रॉस, 29वां मैन रोड, आदिशक्ति काटेरम्मा मंदिर के पास,
मडिवाला लेक मैन गेट के सामने,बीटीएम लेआउट दूसरा स्टेज, बेंगलूरु 76
मो. 9008011119, 9845544317, 9886258645,
9845062200, 9845317854, 9591272272

नवरात्रि दशहरा महोत्सव

गुरुवार, 10.10.2024 : महाष्टमी पूजा, कुमकुम अभिषेक, छप्पन भोग प्रसाद, मंगलाआरती व जागरण
शुक्रवार, 11.10.2024 : महानवमी पूजा, होम, कन्या पूजा, मंगलाआरती, पुष्पांजलि, जागरण, महाप्रसाद
शनिवार, 12.10.2024 : विजयदशमी, विशेष पूजा, मंगलाआरती, पुष्पांजलि, जागरण, महाप्रसाद
रविवार, 13.10.2024, दोपहर 12.30 बजे से विर्सजन की विशाल शोभायात्रा

यदि कोई भक्त कोई सेवा व सहयोग देना चाहता है तो सादर आमंत्रित है ।

आप सभी मां भक्त सादर आमंत्रित हैं
निवेदक : अध्यक्ष राजकुमार शर्मा 9008011119
एवं समस्त समिति सदस्य

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com